
दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12


विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12


रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13


आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार- 14



आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.07
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 122, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



## सूर्यतिलक



अयोध्या : राममंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला के ललाट (मस्तक) पर तिलक करतीं भगवान सूर्य की किरणें और प्राकट्य आरती करते पुजारी। लाइव प्रसारण के माध्यम से राम लला का प्राकट्य और दर्शन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश, विदेश में बैठे करोड़ों लोग भी साक्षी बने। ● अमृत विचार

# सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

नई दिल्ली, एजेंसी




- पेट्रोल 13 रुपये से घटाकर तीन और डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य किया
- प. एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को दी राहत
- सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान
- डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया

सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है।

साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है। इस कर को दिसंबर 2024 में हटा लिया गया था, जिसे अब दोबारा लागू किया गया है। हालांकि, पिछली बार के विपरीत ओएनजीसी जैसी घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों पर कोई अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया है।

### पेट्रोल पर 26, डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा

बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अभी कीमतों को स्थिर रखा है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों पर तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 26 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। कंपनियों का कुल दैनिक घाटा लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में कीमतों में लगभग 30 से 50% तक की वृद्धि हुई है।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता है भारत

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसकी अधिकांश आपूर्ति होर्मुज के रास्ते होती है, जो वर्तमान में बाधित है। तनाव का पहला संकेत तब मिला जब देश के सबसे बड़े निजी खुदरा ईंधन विक्रेता नायरा एनर्जी पेट्रोल की कीमतों में 5 और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। नायरा के पंप पर अब पेट्रोल 100.71 और डीजल 91.31 रुपये लीटर है।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

पणजी। गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23.8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

आइजोल। रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

जम्मू। जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी

## प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संकट पर मुख्यमंत्रियों से की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक स्थिति गतिशील बनी हुई है, और इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिति के लिए निरंतर निगरानी व अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ-साथ समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों। मुख्यमंत्रियों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय करने का आग्रह करते हुए मोदी ने गलत सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि सटीक व विश्वसनीय जानकारी का समय पर प्रसार आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इसी तरह की वैश्विक बाधाओं से निपटने का पूर्व अनुभव है, और उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान की गई सामूहिक प्रतिक्रिया को याद किया, जब केंद्र और राज्यों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार और दैनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए साथ मिलकर काम किया था। मोदी ने कहा कि सहयोग और समन्वय की यही भावना वर्तमान स्थिति से निपटने में भारत की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिति लगातार बदल रही है, जिसके लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है।



- कहा- निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता, जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय अपनाएं राज्य

### ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी एजेंटों के खिलाफ सतर्क रहने की सलाह दी

उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी एजेंटों के खिलाफ सतर्क रहने की सलाह भी दी और सीमावर्ती और तटीय राज्यों में जहाजरानी, आवश्यक आपूर्ति और समुद्री संचालन से संबंधित किसी भी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। मोदी ने जनता का विश्वास बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के बारे में आश्वासन से नागरिकों के बीच अनावश्यक घबराहट को रोकने में मदद मिलेगी।

### बैठक में यह मुख्यमंत्री रहे उपस्थित

बैठक में मुख्यमंत्रियों में एन चंद्र बाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेन्द्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र) और पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) समेत अन्य थे। रक्षा मंत्री राजनाथ और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

# ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समयसीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।



तेहरान में राहत कार्य में जुटे बचाव कर्मी।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)। फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

# बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर निफ्टी भी 487 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी



बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। मोदी शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है।




# संसद ने आम बजट 2026-27 को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए।

राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।



- राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

# 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत

स्वदेशी सामग्री के साथ 'बाय इंडियन' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ (रखरखाव और मरम्मत) सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

**जनता दर्शन** | कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, सीएम ने 200 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

# वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दबंगई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई आरोपी जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमकाता है, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से एस्टीमेट मिलते ही सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



गोरखपुर : जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### 200 लोगों की सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव न्याय मिलना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### भू-माफिया व दबंगों पर सख्ती

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को डराने-धमकाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

## गन्ना राज्यमंत्री ने कन्याओं को कराया भोजन



**पीलीभीत, अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र के अवसर पर गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह ने अपने आवास पर कन्या भोज का आयोजन कर कन्याओं का पूजन किया और उनको उपहार देकर परम्परागत ढंग से विदाई की। राज्यमंत्री ने मां दुर्गा की पूजा उपासना कर सुख समृधि की कामना की और उसके बाद कन्याओं का सामूहिक भोज कराया। परिवार सहित कन्याओं के पैर पखारे और टीका बिन्दी लगाकर स्वागत किया। राज्यमंत्री, पत्नी रश्मि सिंह सपरिवार मां यशंवतरी देवी मंदिर भी पहुंचे और पूजा अर्चना की।

## बिलसंडा में श्रीरामनवमी शोभायात्रा निकाली



**बिलसंडा, अमृत विचार** : रामनवमी क्षेत्रभर में धूमधाम से मनाई गई। हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें देवी-देवताओं के स्वरूपों की झांकियां सजाई गईं। डीजे पर भजनों की धुन पर भक्त थिरकते चल रहे थे। जय श्रीराम के जयकारों की गूंज रही। शोभायात्रा की शुरुआत श्रीनिवास कुंज आश्रम से पूजा अर्चना के बाद हुई। नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, डॉ. हिमांशु सक्सेना, सुमित गुप्ता आदि ने देवी देवताओं के स्वरूपों का तिलक वंदन किया।

## नवरात्रि पर दही और जलेबी की रही मारामारी

नवरात्र पर कन्याओं को दही-जलेबी का भोज कराने का चलन काफी पुराना है। नवमी के चलते अष्टमी की शाम से ही मिष्ठान दुकानदारों ने तैयारियां पूरी कर ली थीं। नवमी की भोर को ही दुकानदारों ने दही-जलेबी बनाना शुरू कर दीं। सुबह से ही दुकानों पर भीड़ लगना शुरू हो गई। मिष्ठान दुकानदार संजीव शर्मा ने बताया कि करीब 100-120 किलो जलेबी और 100 किलो दही की बिक्री होने का अनुमान है।

## मंदिरों में देर शाम तक रही भीड़

**बीसलपुर।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नौवीं पर सुबह से श्रद्धालुओं में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने को उत्साह दिखाई दिया। बड़ा देवी मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, छोटा देवी मंदिर, बंगाली बाबा मंदिर, काल भैरव मंदिर, बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर, बेनी राम मंदिर सूरज कॉलोनी स्थित देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा को भीड़ उमड़ी। घरों में श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती का पूजन और हवन व कन्या भोज किया गया।



मंदिर में दर्शन के लिए गेट तक लगी लाइनें। ● अमृत विचार



रामनवमी पर भंडारे में प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मंदिर के गेट पर सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

# उमड़ा आस्था का सैलाब, मैया के दर्शन को लगीं भक्तों की कतार

### यशवंतरी देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी काफी संख्या में पहुंचे भक्त, झंडियां भी पहुंचीं, कन्या पूजन कराए, कई जगह निकाली गईं शोभायात्राएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : रामनवमी पर यशवंतरी देवी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों को माता के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा, इसके बावजूद उनके उत्साह और श्रद्धा में कोई कमी नहीं दिखी। मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान झंडिया लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, वहीं कई स्थानों पर कन्या पूजन के साथ भंडारों का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्राएं भी निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। देर शाम तक झंडियों का सिलसिला जारी रहा।

शुक्रवार को पूरे जिले मां सिद्धिदात्री की आराधना कर लोगों ने नवरात्र के व्रत पूर्ण किए। नवमी के चलते भोर को ही महिलाओं आदि ने स्नान आदि कर मां दुर्गा की आराधना की। हवन-पूजन के बाद पूड़ी, हलवा, खीर और चना आदि बनाया। कुछ लोगों ने बाजार से दही-जलेबी खरीदी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। नवमी के चलते कन्याओं की भी मारामारी रही। कई लोगों ने मंदिरों में जाकर कन्या भोज करवाया। श्रद्धानुसार कन्याओं को दान-दक्षिणा दी गई। कन्या भोज निपटाने के बाद भक्तों ने देवी मंदिरों की ओर रुख किया और मां के दर्शन कर मनौती मांग व्रत तोड़ा।



मंदिर में मइया के दर्शन के बाद कन्या भोज कराती युवती। ● अमृत विचार

इधर, शहर माता यशवंतरी देवी मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु हाथ में पूजा की थाली लेकर लाइन में लगे दिखाई दिए। लाइन लगी होने के बाद भी धक्का मुक्की होती रही। घंटों इंतजार करने के बाद श्रद्धालुओं को मइया का दीदार हो सका। पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं ने कन्या भोज कराया।वहीं कई श्रद्धालुओं ने हलवा चने का भंडारे भी कराया। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीददारी की। इसके अलावा गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर, शेर मोहम्मद में दुर्गा मंदिर और गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्री संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भीड़ अधिक होने से मंदिर कमेटी के लोगों ने लाइन लगवाकर एक-एक मंदिर प्रांगण में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को भेजा। भीड़ का आलम यह था कि मंदिरों प्रांगण से लेकर सड़क तक भक्तों की लाइन लगी रही।



मेले में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

तेज धूप होने के बाद भी भक्तों के कदम नहीं डगमगाए। माता के जयकारों के साथ वह आगे बढ़ते रहे। मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मां को अज्ञारी कर उन्हें श्रृंगार का सामान भेंट किया। इसके अलावा शहर के माता महातेश्वरी देवी मंदिर में शाम छह बजे हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। इधर, श्री बाला जी नींव करौली धाम पर भी कन्या भोज कराया गया। जहां महंत सेवक विशाल ने मां की पूजा अर्चना करने के बाद कन्याभोज करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।

## सपा नेता सुधीर तिवारी ने कराया भंडारा



**पीलीभीत, अमृत विचार** : नवरात्रि के अवसर पर मां यशवन्तरी देवी मंदिर में समाजसेवी एवं सपा नेता सुधीर तिवारी की ओर से 25 मार्च से लगातार भंडारा कराया जा रहा था। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पूड़ी, कचौडी, गंगाफल की सब्जी का प्रसाद बांटा गया। उन्होंने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर प्रदीप सोनकर , हरगोविंद गंगवार ,नरेंद्र गोस्वामी, राधेश्याम शर्मा, उमेश चंद्र शर्मा, मुकेश कुमार ,रमाकांत वर्मा ,सुमित कुमार , संजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में कराया 251 कन्याओं को भोज



शहर के गांधी स्टेडियम रोड स्थित संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी कन्या भोज कराया गया। सुबह से ही मंदिर में गूंजते मंत्रोच्चार और हवन कुंड से उठती दिव्य आहुतियों देकर मनौती मांगी गई। मंदिर की परंपरा और सनातन मूल्यों का निर्वहन करते हुए 251 कन्याओं का भोज कराया गया। मंदिर शिरीष सक्सेना और उनकी धर्मपत्नी ने पूरी विनम्रता के साथ नन्हीं कन्याओं के चरण पखारे और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। इस मौके पर निधि निगम, सुनील सक्सेना, शिवानी, रामेश्वर , पंडित सियाराम, पंडित राकेश शर्मा और डॉ. प्रेम सागर शर्मा मौजूद रहे।

## मां सिद्धिदात्री की उपासना, कराया कन्या भोज



**बिलसंडा, अमृत विचार** : नगर व क्षेत्र के मंदिरों में नवरात्रि के नौवें दिन भीड़ रही। मां सिद्धिदात्री की उपासना कर भक्तों ने भजन कीर्तन किए ।लोगों ने अपने घरों में हवन पूजन के बाद कन्या भोज कराया। देवी स्परुप कन्याओं को खीर, पूड़ी,हलुआ, चना का भोज कराया गया। बमरोली स्थित श्री सिद्धनाथ आश्रम पर संत गजानन दास महाराज ने कन्या भोज कराया।

# झांकियों के साथ निकाली रामनवमी शोभायात्रा



बीसलपुर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- **कई जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का किया गया स्वागत**

**अमृत विचार**: नगर में शुक्रवार को रामनवमी शोभायात्रा बैंड बाजों व झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई। कई जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

नगर के बढ़ास्थल मंदिर से यात्रा शुरू की गई। होली चौराहा, गोपी टॉकीज मार्ग, मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से श्यामलदास की मणि पर संपन्न हुई। सबसे आगे श्रद्धालु श्री राम पताका लेकर जय जयकार करते चल रहे थे। होली की चौपाई टोली गीत गाते चल रही थी। राम सीता, पार्वती शिव, हनुमान समेत कई देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर सचिन जायसवाल, गिरधर जायसवाल, राधारमण विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम शर्मा, सचिन जायसवाल, अमर जायसवाल, शिवेंन्द्र नाथ शुक्ला, राकेश अवस्थी, , हरिशंकर श्रीवास्तव, लल्लन वर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर, भाजपा नेता राजेश अग्रवाल की ओर से कैम स्कॉलर्स स्कूल में रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

# परमठ मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: शहर के मोहल्ला परमठ मंदिर पर श्रीरामलीला महोत्सव संचालन समिति की ओर से प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए और आरती में शामिल हुए।

नव संवत्सर व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के द्वारा किया गया। समिति की ओर से जिलाध्यक्ष के अलावा नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, विकास पाल सिंह, रेखा सिंह परिहार, विकास वाल्मीकि, नामित सभासद प्रतीक अग्रवाल टिन्नी, स्वतंत्र देवल, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष अम्बरीष मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान आदि का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। दोपहर में मंदिर से श्रीराम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर जेपी रोड, चौक बाजार होते हुए गौरीशंकर मंदिर पहुंची। यहां लल्ला महंत ने भोग आरती की। इसके बाद सत्यनारायण मंदिर पर भोग आरती हुई।



परमठ मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा में सजी झांकी। ● अमृत विचार

- **नव संवत्सर व्रतोत्सव पत्रिका का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया विमोचन**
- **दोपहर में निकाली गई शोभायात्रा, कई जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

यहां से यात्रा मोहल्ला साहूकारा, जमुनी चौराहा, स्टेशन रोड, सुनगढ़ी तिराहा, छतरी चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा से नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, जाटों का चौराहा, बड़ा गुरुद्वारा होते हुए परमठ मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत व भोग आरती की गई। प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ शर्मा, सुनील मिश्रा, प्रेम सिंह जैसवार, भीम सिंह चौहान, राकेश लोधी, अमरीश शर्मा अम्बू, नरेश शुक्ला, संजीव मोहन अग्रवाल, केशव सक्सेना, धीरेन्द्र मिश्रा एडवोकेट, आयुष सक्सेना, श्रीराम शर्मा, अमिताभ त्रिपाठी, अशोक वाजपेयी एडवोकेट, पंकज शर्मा, नंद किशोर कश्यप, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, अंकुर मिश्रा, निशांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा संपन्न, हुआ भंडारा



**पीलीभीत, अमृत विचार** : पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। नवरात्रि पर हनुमत सेवा समिति की ओर से आयोजन कराया जा रहा था। महंत बाबा श्याम दास के सानिध्य में दुर्गा पूजा एवं मेला लगा। दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। दुर्गा पूजा बिलहरी के पंडित अनुराग दीक्षित ने सम्पन्न कराई। कथा का रसपान कथावाचक पंडित राजकिशोर दीक्षित के द्वारा कराया गया। श्रीराम विवाह का प्रसंग सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

## गांव की मंगलकामना को कराई पूजा-अर्चना



**घुंघचिहाई।** नवमीं पर गांव की मंगल कामना के लिए सामूहिक रूप से आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की गई। पुवायां शाहजहांपुर से आए आचार्य अनुराग अग्निहोत्री, सहयोगी मोहित शुक्ला ने गांव मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। सर्वप्रथम गणेश जी का पूजन कर सभी देवी देवताओं को आहुतियां समर्पित कीं। यहां नंदकिशोर शुक्ला, अरुण शंकर शुक्ला, रामचंद्र मिश्रा, विवेक मिश्रा, द्रोणपाल, सिंह प्रशांत अवस्थी नन्हे मिश्रा, राम भरोसे शुक्ला, सुजीत अवस्थी, अंकित दीक्षित, आदर्श अवस्थी, विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# महुआ से यशवंतरी देवी मंदिर पहुंची झंडी यात्रा



झंडी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार**: क्षेत्र के महुआ गांव से मां यशवंतरी देवी मंदिर के लिए शुक्रवार को भव्य पैदल झंडी यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गांव के देवी स्थल पर पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु पारंपरिक गीत गाते हुए और हाथों में झंडे लेकर मां के जयकारे लगाकर मंदिर की ओर बढ़े। इस दौरान झांकियां भी प्रस्तुत की गईं और भजनों पर भक्त थिरकते रहे। मां यशवंतरी देवी को झंडी अर्पित की गई।

इस मौके पर ग्राम प्रधान बीरबल, राम सिंह, केश कुमार, अशोक कुमार, राकेश वर्मा, लालता प्रसाद, महेंद्र पाल, हेमराज, यशपाल, प्रमोद, प्रेमपाल, लाल बहादुर, फूलचंद, करन, नरेश, ओमवीर, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# छाए बादल व बूंदाबांदी से किसानों की बढ़ीं धड़कनें



टनकपुर हाईवे के नजदीक खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार



जनपद में शुक्रवार अपरान्ह आसमान में छाये बादल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शुक्रवार अपरान्ह को छाए रहे बादल, कुछ हिस्सों में हुई बूंदाबांदी**
- **खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं की फसल, अनिश्चितता के दौर में फंसे किसान**

> मौसम में उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। शुक्रवार को बाछलों के मामूली बारिश हुई है। मगर, इससे गेहूं की फसल को कोई नुकसान नहीं हैं। आगामी 30 व 31 मार्च को भी ऐसा ही मौसम होने का अनुमान है। 31 मार्च को भी मामूली बूंदाबांदी हो सकती है। फिलहाल इससे भी फसलों के नुकसान के संभावना न के बराबर ही है। किसान सतर्क रहें और मौसम के ताजा पूर्वानुमान पर नजर बनाए रखें। - **डॉ. एसएस ढाका**, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक।

**अमृत विचार**: जनपद में मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। शुक्रवार अपरान्ह अचानक बादल छा गए। जनपद के कुछ हिस्सों में मामूली बूंदाबांदी भी देखी गई। मौसम में हो रहे लगातार बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वहीं शुक्रवार न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### बारिश से दाना हो सकता है खराब

जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरेंद्र पाल का कहना है कि खेतों में गेहूं के साथ अन्य फसलें भी लगभग तैयार खड़ी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम खराब रहने की संभावना जताई जा रही है। फसलें भींगने से दाने की क्वालिटी खराब हो सकती है। तेज हवाओं से गेहूं की फसलें गिर सकती हैं। इससे उत्पादन में असर पड़ सकता है।

तराई के इस जनपद में मार्च के महीने में हल्की ठंड का असर रहता है, मगर इन दिनों यहां के तापमान में इस बार तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। बढ़ते तापमान के बीच शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे के आसमान में काले बादल छा गए। हवा तेज बहने के साथ जनपद के कुछ हिस्सों में मामूली बूंदाबांदी भी देखी गई। मौसम के इस उतार-चढ़ाव ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। इस समय गेहूं, सरसों और आलू समेत कई फसलें खेतों में तैयार हैं। हालांकि अधिकांश जगह सरसों की कटाई हो चुकी है। वहीं गेहूं की ज्यादातर फसलें खेतों में पकी खड़ी हैं। यदि ऐसा मौसम बना रहता है या बारिश होती है या फिर तेज हवा चलती है तो फसलों के गिरने और दाने के कमजोर होने की आशंका बढ़ जाएगी। इससे उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। किसानों का कहना है कि कुछ दिनों से मौसम साफ था और तेज धूप निकल रही थी जिससे फसलों को लाभ मिल रहा था। अचानक बादल छा जाने से अनिश्चितता की स्थिति बन गई है।

## शहर में आज

- जिले के समस्त थानों पर समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम कांशीराम ईदगाह कॉलोनी में हवन दोपहर 12 बजे से।
- कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक शाम 05 बजे।
- गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आरती सुबह 7 .30 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### सम्मान समारोह 29 को

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ ( शर्मा गुट ) के तत्वाधान में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह 29 मार्च को वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में साढ़े तीन बजे से होगा। शिक्षा विभाग में उनके द्वारा की गई सेवाओं सहयोग एवं उत्कृष्ट कार्य का संज्ञान लेते हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### किशोरी से छेड़छाड़ और धमकाने की रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 25 मार्च को शाम करीब चार बजे किसी काम से गांव में ही गई थी। उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर में थी। जिसे अकेला पाकर गांव का युवक घर में घुस गया और छेड़छाड़ की। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी भाग गया। पुत्री ने घटना बताई। इस पर आरोपी के घर गई तो उसके परिवार वालों ने भी अभद्रता की। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

### 15 हजार का इनामी गैंगस्टर भेजा जेल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी को पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद किया गया। कस्बा इंचार्ज अंकित यादव ने बताया कि गुरुवार रात वह कस्बे में गश्त पर थे। सूचना पर पिपरा खास मार्ग पर बंद रेलवे क्रॉसिंग के पास से आरोपी ग्राम उमरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू को तमंचा, कारतूस के साथ पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। चालान कर कोर्ट में पेश करके उसे जेल भेज दिया है।

### युवती को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कीएक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को रात करीब नौ बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री लापता हो गई। वह कुछ दिनों से युवक से फोन पर बात करती थी। उसी युवक पर फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क पर गड्ढों की भरमार, वाहनों की लग रही कतार

## नगर पंचायत स्तर से शुरू कराया गया था निर्माण, बजट के अभाव का खामियाजा भुगत रही जनता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मामूली बूंदाबांदी के बाद जर्जर रामलीला रोड के गड्ढों में जलभराव। ● अमृत विचार



जर्जर रामलीला रोड पर गन्ना वाहनों की कतार के बीच गुजरते लोग।

**अमृत विचार:** असम हाईवे से टनकपुर हाईवे को जोड़ते हुए शहर में आने के लिए राहगीरों द्वारा सर्वाधिक इस्तेमाल की जाने वाली रामलीला रोड की तस्वीर बदतर बनी हुई है। बीते साल तमाम दावे करते हुए इसका निर्माण कार्य शुरू तो कराया गया लेकिन चंद दिन बाद ही सड़क उखड़ी छोड़ दी गई और अब गहरे गड्ढे हो चुके हैं। चंद मिनट की बूंदाबांदी के बाद जलभराव के हालात बन जाते हैं। उस पर गन्ना वाहनों की आवाजाही के चलते हादसे का डर बना हुआ है। कई राहगीर गिरकर चोटिल भी हो गए लेकिन सड़क के गड्ढों से मुक्ति नहीं मिल सकी है। जिम्मेदार बजट न होने की बात कहकर कर्तव्यों से इतिश्री कर गए हैं और खामियाजा प्रतिदिन सफर करने वाले हजारों राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

रामलीला रोड टनकपुर हाईवे पर उपाधि कालेज चौराहे से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए असम हाईवे को जोड़ती है। उपाधि कॉलेज से रामलीला रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क नगर पालिका के अधीन है, जबकि रेलवे क्रॉसिंग से लेकर असम हाईवे तक सड़क का हिस्सा नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के क्षेत्र में आता है। यहां पर रामलीला मेला मैदान के साथ ही प्राचीन काली मंदिर, मंडी समिति समेत आसपास कॉलोनियां हैं। इस सड़क से पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे से सटे गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। वहीं गन्ना सीजन के चलते गन्ना वाहन भी इसी सड़क से होकर चीनी मिल में पहुंचते हैं। इस सड़क की हालत लंबे समय से जर्जर है। इसका निर्माण कार्य बीते साल मार्च माह में शुरू कराया गया तो राहगीरों को गड्ढों से मुक्ति की आस जागी। मगर, चंद दिन चलने के बाद काम बंद हो गया और अब तक शुरू नहीं हो सका है। उखाड़कर छोड़ी गई सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं।

भारी वाहनों की आवाजाही भी बरकरार है। सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। मामूली बूंदाबांदी के बाद निकलना ही दूभर हो रहा है। पूर्व में कुछ इस सड़क पर गड्ढामुक्त कार्य कराया तो गया लेकिन गुणवत्तापरक कार्य न होने से सड़क कुछ ही समय बाद फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई थी। करीब 800 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1.5 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाना है। सड़क के दोनों ओर नाले का भी निर्माण होगा। मगर कई महीनों से काम बंद पड़ा है। जिला मुख्यालय आने के लिए पूरनपुर समेत पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे से ईद गिर्द बसे गांवों के अधिकांश लोग इसी मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। जर्जर पड़ी सड़क पर सफर खतरों से खाली नहीं है। एक तरफ गड्ढों की भरमार है।

वहीं, एलएच चीनी मिल का पेराई सत्र चालू होने के चलते यहां पर दिन-रात गन्ना वाहनों की कतार लगी रहती है। कई बार ओवरलोड/ओवरहाइट ट्रकों से गन्ने की फांदियां गिरती रहती हैं। जिससे राहगीरों को हादसे का डर सताता रहता है। मंडी समिति का एक गेट भी इसी मार्ग पर है। ऐसे में दूर दराज से पहुंचने वाले किसानों को भी दिक्कत उठानी पड़ती है। उनको भी राहत नहीं मिल सकी है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु भी जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं।

> मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत इस सड़क को शामिल किया गया है। पहली किश्त में 25 प्रतिशत धनराशि मिली थी, जिससे कुछ काम करा दिया गया था। 75 फीसदी धनराशि मिलते ही निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर उपभोग प्रमाण पत्र भेजा जा रहा है। 31 मार्च तक बजट मिलने की उम्मीद है। – **हरिपाल सिंह**, ईओ नगर पंचायत नौगवां पकड़िया।

- **असम से टनकपुर हाईवे को जोड़ता है मार्ग**



रामलीला मार्ग की हालत लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। वाहन ही नहीं, पैदल गुजरते वक्त भी गिरने का डर लगा रहता है। मुख्य मार्ग होने के बावजूद सुधार नहीं हो सका है। इसका निर्माण जल्द कराया जाना चाहिए।

–**अंकित मिश्रा**, राहगीर।



सड़क पर कदम –कदम पर गड्ढे हैं। उसके बाद गन्ना लदे वाहन आवाजाही करते हैं। रात में रोशनी पर्याप्त नहीं है। मंदिर के श्रद्धालुओं को भी दिक्कत होती है। बारिश में भी और बदतर हालात हो जाएंगे। ऐसे में जल्द सुधार हो।

–**पंडित राहुल** मिश्रा, राहगीर।

### कई बार पलट चुके हैं वाहन

इस जर्जर सड़क से सिर्फ सफर में दिक्कत नहीं, बल्कि हादसे का भी खतरा बना हुआ है। मार्ग पर गहरे गड्ढे होने के साथ ही कुछ हिस्से में दोनों तरफ तालाब भी है। सामने से कोई बड़ा वाहन आने पर खुद को बचाने के लिए कई बार गड्ढों में पहिया जाने से राहगीर खासकर बाइकर्स घायल हो जाते थे। ई–रिक्शा भी कई बार पलट चुके हैं। चूंकि शहर से असम हाईवे पर जाने के लिए इसी मार्ग का अधिकांश वाहन चालक इस्तेमाल करते हैं। असम चौराहा के साथ ही आसपास के कॉलोनी वासी भी रेलवे स्टेशन या फिर शहर आने के लिए यही रास्ता चुनते हैं। लंबे समय से निर्माण कार्य बंद होने से सभी को परेशानी हो रही है।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने क्रास रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला वशीर खां निवासी हिना परवीन पत्नी अदनान खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति की करीब पांच साल पहले मौत हो गई। उसके कुछ रुपयों का लेनदेन देवर गुलजार निवासी आशियान अपार्टमेंट दिल्ली व इकरार निवासी मोहल्ला शेर मोहम्मद कोतवाली से है। उसका देवर गुलजार दिल्ली से पीलीभीत आया।

22 मार्च को रात करीब नौ बजे उसने जब अपनी आर्थिक तंगी बताकर रूपये मांगे। आरोपी उसके व उसके पुत्र अरमान के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी इकरार मियां ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को शाम साढ़े छह बजे वह गुलजार नबी के साथ अपने भतीजे व परिवार के अन्य सदस्यों का हालचाल लेने मोहल्ला बशीर खां स्थित पैतृक घर गया। जहां उसकी भाभी हिना परवीन व उसके पुत्र अरमान व पुत्री अराबी ने उसके हिस्से में उसको नहीं जाने दिया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सिंचाई करने गए दंपति से मारपीट

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर चक्रतीर्थ निवासी द्रोपदी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 मार्च को सुबह 11 बजे वह अपने पति पोशाकी लाल के साथ खेत पर सिंचाई करने गईथी। तभी गांव के दुर्जनलाल, कौशल्या देवी, राजेंद्र लाठी–डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे, आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे वह और उसका पति गंभीर घायल हो गए। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर मां-बेटे की पिटाई

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी शोभा पत्नी संजय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च की देर रात पुत्र करन को गांव का सोनू अपने साथ ले गया। जब उसने पुत्र को जाने से रोका तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। विरोध पर डंडे से उसको मारना शुरू कर दिया। पुत्र ने बचाने का प्रयास किया तो उसको भी पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# झंडी जुलूस में कार टकराने पर विवाद, चालक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जाटों वाले चौराहे के पास जुलूस के दौरान हुआ हंगामा**

**अमृत विचार :** जाटों वाले चौराहे के पास झंडी जुलूस के दौरान कार की टक्कर से माहौल बिगड़ गया। आक्रोशित लोगों ने कार चालक को पकड़कर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने हालात संभाले और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

गुरुवार देर रात नौ बजे कोतवाली क्षेत्र के जाटों वाले चौराहे के समीप शहर से झंडी का जुलूस निकल रहा था। जुलूस यशवंतरी देवी मंदिर की ओर जा रहा था। एक राहगीर कार लेकर उधर से निकला। कार झंडी जुलूस में शामिल एक व्यक्ति से टकरा गई। घटना से गुस्साए जुलूस में शामिल लोग भड़क उठे और उन्होंने कार चालक को पीटा दिया।

कोतवाल सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहले लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब भीड़ नहीं मानी तो सख्ती बरतनी पड़ी। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह भीड़ को तितर-बितर किया और कार चालक को सुरक्षित वहां से रवाना कराया। करीब 20 मिनट तक मौके पर हंगामे की स्थिति बनी रही। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

# ननिहाल में रह रही युवती से मामा ने किया दुष्कर्म

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ननिहाल में रह रही एक युवती ने अपने दो मामा पर संगीन आरोप लगाए हैं। उसका आरोप है कि मामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया और छोटी बहन को भी कहीं बेच दिया है। बरखेड़ा पुलिस ने तहरीर मिलने पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घुंघचिहाई क्षेत्र की एक युवती ने बरखेड़ा थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि 11 जून 2025 को उसकी मां ने उसे व 16 वर्षीय बहन को स्कूल की छुट्टियां होने पर मामा के घर बरखेड़ा क्षेत्र में भेज दिया था। आरोप है कि कुछ समय बाद पता चला कि उसकी मां की हत्या हो गई है। मां की हत्या के बाद पिता जेल में बंद हैं। मां की मौत और पिता के जेल जाने के बाद मामा ने कुछ समय तक तो ठीक से रखा। सितंबर 2025 में छोटी बहन को मामा कहीं ले गए और उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका है। आरोप लगाया कि मामा ने ही छोटी बहन को कहीं बेच दिया है।

आरोप है कि करीब एक माह पूर्व जब वह कमरे में सो रही थी, तो मामा उसके पास आए और दुष्कर्म किया। दूसरे मामा कमरे के बाहर खड़े रहे। छह मार्च को मामा एसपी के पास ले गए और धमकाया कि जो कहेंगे वैसा नहीं किया तो छोटी बहन को जान से मार देंगे।

एसपी कार्यालय से निकलने के बाद धमकाते हुए दोनों मामा ने वीडियो बनाई और ये कहलवाया कि वह अपनी मर्जी से घर जा रही है। फिर वहीं छोड़कर चले गए थे। किसी तरह रिश्तेदारों के पास गई और अपने साथ हुई घटना को बताया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। जांच कराई जा रही है।

### किशोरी लापता रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को वह रिश्तेदारी में अमरिया गई थी। घर पर उसके छोटे भाई की पत्नी व उसकी दो पुत्रियां मौजूद थी। उसकी बड़ी पुत्री पहले मोबाइल पर फैज निवासी ईदगाह से बातचीत करती थी। उस दिन आरोपी उसकी पुत्री बहलाफुसलाकर ले गया। जब उसने इसकी शिकायत आरोपी के चाचा फईम से की तो आरोपी उसकी पुत्री को लेकर उत्तराखंड के किच्छा चला गया है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 5.30 करोड़ से बनेंगे चार लघु सेतु

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

> क्षेत्र के समग्र विकास और बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए महत्वपूर्ण लघु सेतु परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का इसके लिए आभार। यह निर्णय न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। इससे दूर दराज के क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। – **जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद।



- **विधायकों के प्रस्तावों पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किए थे प्रयास, मिली स्वीकृति**

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से जल्द ही आवागमन में राहत मिल सकेगी। प्रदेश सरकार द्वारा जिले में चार लघु सेतुओं के लिए स्वीकृति दी गई है। इस पर 5.30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बाद ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के लिए विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

स्वीकृत किए गए लघु सेतुओं में पूरनपुर पिधानसभा क्षेत्र में पीलीभीत-माधौटांडज़- कलीनगर- शाहगढ़-असम मार्ग के किमी 27 पर आरसीसी कल्वर्ट, बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर निर्माण और सुरक्षात्मक कार्य होंगे। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम बबूरा भदेनकंजास मन्निया में गुरुद्वारा सिख सभा मानपुर मार्ग पर बॉक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य होगा। इसी तरह सदर विधानसभा क्षेत्र में कटैया नवादा के मध्य पनगहली नदी के पूरनक नाले पर बॉक्स कल्वर्ट, बनकटी मार्ग, सैजना मार्ग पर सैजनिया के सढ़िया नदी पर आरसीसी कल्वर्ट, पहुंच मार्ग व मरम्मत कराई जाएगी।

संबंधित लघु सेतुओं के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने प्रस्ताव केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को दिए थे। इसके बाद से वह शासन स्तर पर प्रयासरत थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकत की थी। जिसके बाद अब स्वीकृति मिली है। परियोजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। किसानों को भी फसल बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।


नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट
आकाश की ऊंचाई-स्पष्ट संदेश
विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश



₹11,200 करोड़ की लागत से तीव्र कनेक्टिविटी देने वाले अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट
नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (प्रथम चरण) का
उद्घाटन
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा





उत्तर प्रदेश की उड़ान – पूरे भारत की शान

- भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में एक
- सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के बीच निर्बाध एकीकरण वाला मल्टी मोडल ट्रांजिट सिस्टम
- 2.5 लाख+ मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाला मल्टी-मोडल कार्गो हब, जिसे लगभग 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा सकता है
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के अनुरूप
- प्रति वर्ष 1.20 करोड़ यात्री क्षमता
- चतुर्थ चरण तक प्रति वर्ष 7 करोड़ तक यात्री वहन क्षमता का विस्तार
- उत्तर प्रदेश की पारंपरिक एवं हवेलियों की थीम पर आधारित साज-सज्जा, वाराणसी एवं हरिद्वार के गंगा घाट की अनुभूति वाली मल्टी लेवल टर्मिनल डिजाइन
- विभिन्न राज्यों के हैंडीक्राफ्ट्स एवं टेक्सटाइल से सौंदर्यीकरण

गरिमामयी उपस्थिति

आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | किंजरापु राममोहन नायडू, मंत्री, नागर विमानन, भारत सरकार
पंकज चौधरी, राज्य मंत्री, वित्त, भारत सरकार | केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
बृजेश सिंह, राज्य मंत्री, लोक निर्माण, उत्तर प्रदेश | डॉ. महेश शर्मा, सांसद, गौतम बुद्ध नगर | सुरेंद्र सिंह नागर, सदस्य, राज्य सभा
अमित चौधरी, अध्यक्ष, जिला पंचायत, गौतम बुद्ध नगर | पंकज सिंह, विधायक, नोएडा | तेजपाल सिंह नागर, विधायक, दादरी | धीरेन्द्र सिंह, विधायक, जेवर | संजय कुमार शर्मा, विधायक, अनूपशहर | सुरेन्दर दिलेर, विधायक, खैर | लक्ष्मी राज सिंह, विधायक, सिकंदराबाद
श्रीकान्त शर्मा, विधायक, मथुरा | मीनाक्षी सिंह, विधायक, खुर्जा | राजेश चौधरी, विधायक, मांट | जयवीर सिंह, विधायक, बरौली | नरेन्द्र सिंह भाटी, सदस्य, विधान परिषद | श्रीचंद शर्मा, सदस्य, विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 28 मार्च, 2026 | समय : पूर्वाह्न 11:30 बजे | स्थान : जेवर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश ▶ लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# लक्ष्य से चूका पंचायती राज विभाग, लाभार्थी न ढूंढ सका

## शासन स्तर से समय से बजट न मिलने के कारण रफ्तार सुस्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- जनपद में वित्तीय वर्ष में 15,334 व्यक्तिगत शौचालयों का मिला हैं लक्ष्य

> जनपद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 15,334 का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 11,774 शौचालय पूर्ण कराए जा चुके हैं। शासन स्तर से धनराशि के आगमन में विलंब होने के कारण कुछ शौचालयों का निर्माण समय से पूरा नहीं हो सका है। अवशेष लक्ष्यों को नए वित्तीय वर्ष में जोड़कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा।
> –**रोहित भारती**, डीपीआरओ।

**अमृत विचारः** जनपद में स्वच्छ भारत मिशन को पंख लगाने के सरकारी दावे धरातल पर सुस्त नजर आ रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति करीब है, लेकिन विभाग अब तक व्यक्तिगत शौचालयों के निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है। आलम यह है कि शासन से बजट मिलने में हुई देरी के कारण जनपद में करीब साढ़े तीन हजार शौचालयों के लिए लाभार्थी ही विभाग नहीं ढूंढ सका। अब इन अवशेष लक्ष्यों को अगले वित्तीय वर्ष में शामिल करने की तैयारी की जा रही है।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाए रखने के लिए पंचायती राज विभाग की ओर से हर साल व्यक्तिगत शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद को 15,334 व्यक्तिगत शौचालय बनवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, तमाम कोशिशों और भागदौड़ के बावजूद अब तक महज 11,774 शौचालयों का ही निर्माण पूरा हो सका है।

योजना के तहत एक शौचालय के निर्माण के लिए लाभार्थी को कुल 12,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि 6000-6000 रुपये की दो किस्तों में सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। पहली किस्त निर्माण शुरू करने और दूसरी किस्त निर्माण पूरा होने और जियो टैगिंग के बाद जारी की जाती है। लक्ष्य पूरा करने के लिए विभाग ने अभियान चलाकर डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया। पात्र लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन मंगाने के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठकें भी की गईं। शासन स्तर से भी लगातार मॉनिटरिंग होती रही, लेकिन धरातल पर काम की रफ्तार उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। बताया जा रहा है कि समय पर धनराशि न मिल पाना लक्ष्य पिछड़ने की मुख्य वजह रही।

# डीएम सख्त, बीडीओ, सचिव, पशु चिकित्साधिकारी समेत 5 का रोका वेतन

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा

**अमृत विचारः** दो दिन के भीतर भूख और इलाज के अभाव में गोवंशीय पशुओं की मौत के मामले में सवाल उठे तो अधिकारियों ने गोशाला तक दौड़ लगाई।इसके बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह सख्त हुए है। बीडीओ बरखेड़ा, सचिव, लेखपाल, पशु चिकित्सा अधिकारी समेत पांच जिम्मेदारों का वेतन रोक दिया है। भूसा सप्लाई करने वाले एनजीओ की जांच कर जबाव तलब करने के साथ ही कठोर चेतावनी जारी की है। इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है।

बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर जयसिंह में वृहद गोशाला बनी हुई है। यहां पर लंबे समय से भूसे और चारे का संकट बना हुआ था। जिसके चलते गोवंश की सेहत कमजोर होती रही है। बीते दिनों 36 घंटे के भीतर आठ गोवंशीय पशुओं की मौत का शोर मचा। पूर्व प्रधान ने भी भूसे के संकट की बात कही। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम बीसलपुर, बरखेड़ा बीडीओ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। हालांकि मृत पशुओं की संख्या कम बताई जाती रही। इस मामले में जांच रिपोर्ट मिलने और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही मिलने पर डीएम सख्त हुए। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। बीडीओ बरखेड़ा, सचिव , लेखपाल, पशु चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों का वेतन रोक दिया है। भूसा चारा पहुंचने वाले एनजीओ की जांच कर जबाव तलब किया जा रहा है। सभी को कठोर चेतावनी दी गई है। सुधार न हुआ तो सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### तो एसडीएम साहब की सख्ती थी दिखावा

मामले में गुरुवार को मौके से ही भूसे की सप्लाई देने वाले एनजीओ के सुपरवाइजर को पुलिस हिरासत में दे दिया था ।जिसका शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया ।उसकी एसडीएम कोर्ट से जमानत हो गई थी। कोतवाल बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार इस बात को बताने से भी कतराते रहे और एडीएम पर टाल दिया। जबकि चालान के दौरान उनकी ही पुलिस गई होगी। इंस्पेक्टर का कहना था कि आरोपी जेल गया या जमानत हु ये तो पता नहीं है, एसडीएम ही बता सकेंगे ऐसे में सवाल है कि क्या पुलिस कोर्ट में पेश करके ही वापस आ गई थी। फिलहाल एसडीएम ने जमानत होने की बात को स्वीकार किया।

# प्रमुख सचिव ने पीटीआर में विकास कार्यों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्रमुख सचिव को पीटीआर बाघ की तस्वीर भेंट करते सीसीएफ पीपी सिंह व अन्य।

- प्रवास के दूसरे दिन छात्राओं के सफारी वाहनों को दिखाई झंडी चूका बीच का किया निरीक्षण
- वन अफसरों संग बैठक कर की कार्यों की समीक्षा, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** प्रदेश की प्रमुख सचिव वन वी. हेकाली झिमोमी ने अपने दो दिवसीय दौरे के तहत दूसरे दिन चूका बीच का निरीक्षण कर यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। प्रोजेक्ट दिव्यदर्शन के तहत जंगल सफारी को पहुंची छात्राओं के सफारी वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

प्रदेश की प्रमुख सचिव वन वी हेकाली झिमोमी दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पीलीभीत पहुंची थीं। उन्होंने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव अनुराधा वेमुरी के साथ पूरनपुर रेंज के गोपालपुर जंगल में बनाए जा रहे रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। यहां कार्यों का जायजा लेने के बाद वे मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंची। मुस्तफाबाद में प्रमुख सचिव ने वन एवं वन्यजीव प्रभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभागीय समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके निदान को निर्देशित किया। उन्होंने बाघ मित्रों के साथ संवाद भी किया।

कहा कि बाघ मित्रों की भावना एवं समर्पण अतुलनीय है। उन्होंने बाघ मित्र कार्यक्रम की जमकर सराहना की और बाघ मित्रों के अनुभवों को जाना। प्रवास के दूसरे दिन सुबह प्रमुख सचिव ने पहले प्रसिद्ध चूका इको टूरिज्म स्पॉट का निरीक्षण किया, उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया।

### दिव्यदर्शन सफारी को झंडी दिखाकर किया रवाना

चूका बीच का निरीक्षण करने के बाद प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी मुस्तफाबाद पहुंची। उन्होंने प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से महिला शक्ति को वन एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए चलाए जा रहे बाघ एक्सप्रेस कार्यक्रम में प्रस्तुत किए जाने वाले नुक्कड़ नाटक का भी आनंद लिया। नुक्कड़ नाटक पहला सेवा समिति के सचिव महेश पाल के निर्देशन में हुआ। प्रमुख सचिव वन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह द्वारा द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रमुख सचिव ने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। दोपहर बाद प्रमुख सचिव लखनऊ रवाना हो गईं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


# बेसहारा युवती को वन स्टाप सेंटर ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर स्थित केजीएन टू कॉलोनी के एक घर में बीते दिनों से एक अवसादग्रस्त युवती खुद को पिछले कई दिनों से कैद किए हुए थी। युवती का कोई सगा सबंधी उसके साथ नहीं रह रहा है। कोई केयर टेकर महिला भी युवती के पास रुकने को तैयार नहीं है, जो उसकी देखभाल कर सके। मामला सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के संज्ञान में आया। इस पर उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी को निर्देश दिए थे। इधर शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश के बाद सखी वन स्टाप सेंटर की टीम कॉलोनी स्थित युवती के घर पहुंची। टीम ने युवती को रेस्क्यू कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। टीम में सेंटर कर प्रशासिका तृप्ति मिश्रा, लीगल एडवाइजर लता शर्मा, महिला होमगार्ड सर्वेश आदि शामिल रहीं।

# 2.12 लाख लेने के बाद भी नहीं लौटाए जेवरात

संवाददाता, बरखेड़ा

- बैंक लॉकर में जेवर रखे होने की बात कहकर करता रहा टालमटोल
- बरखेड़ा कस्बे का मामला, तहरीर के बाद भी नहीं लिखी गई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** गिरवी रखे जेवर को सराफ ने हड़प लिया। ब्याज समेत 2.12 लाख रुपये लेने के बाद पहले बैंक के लॉकर में रखे होने की बात कहकर टालमटोल की और फिर जेवर लौटाने से ही इन्कार कर दिया है। बरखेड़ा पुलिस से मामले की शिकायत की गई लेकिन अभी कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर तीन के रहने वाले हरिशंकर शर्मा पुत्र स्वर्गीय ब्रहमदत्त शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने कस्बे के एक सराफ के पास सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे थे। करीब एक माह पूर्व सराफ के घर जाकर ब्याज समेत 2.12 लाख रुपये अदा भी कर दिए थे। रुपये लेने के बाद सराफ ने कहा था कि जेवर बैंक के लॉकर में रखे हुए हैं, इसलिए दो दिन बाद आकर ले जाना। इसके बाद दुकान पर जेवर लेने के लिए गए तो टालमटोल करता रहा।

26 मार्च को डेढ़ बजे सराफ के पास जेवर लेने गए तो उसने गाली गलौज कर अभद्रता की और धमकी देकर भगा दिया। उनका कहना है कि गिरवी रखे गए जेवर की कीमत वर्तमान में आठ से दस लाख रुपये है। आरोपी सराफ जेवर हड़पना चाहता है और देने से इन्कार कर दिया है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच के नाम पर मामले को टाल दिया है। इस मामले में दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है।

### मांझे में फंसा बाज, कर्मचारियों ने बचाया

**पीलीभीत, अमृत विचार** : प्रतिबंधित चाइनीज मांझा में शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर में एक बाज फंसकर घायल हो गया। कर्मचारियों के आवास के पास पेड़ पर उलझे हुए मांझे में फंसा बाज देखते ही अस्पताल की छत पर सोलर पैनल लगाने का कार्य कर रहे दिलीप, विनीत, प्रशांत, शिवम, अरुण ने बमुश्किल उसे बचाया। उसे प्राथमिक इलाज देकर दूसरे पेड़ पर बैठा दिया गया। कुछ देर बाद वह वापस उड़ गया।

# कंपनी बनाकर ठगी करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- थाना जहानाबाद क्षेत्र का निवासी है आरोपी

**अमृत विचार** : कंपनी बनाकर दो जालसाजों ने बरेली के एक युवक को दोगुना रुपये करने का लालच देते हुए 2.33 लाख रुपये की ठगी कर ली। जब उसे कंपनी के बारे में पता चला तो आरोपियों ने रुपये वापस मांगे। मगर वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। इस मामले में पीड़ित ने जहानाबाद थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली के थाना इज्जतनगर के ग्राम पीरबहोड़ा निवासी लईक अहमद ने थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि जून 2025 में जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम पंसौली निवासी शहादत खां पुत्र नन्हें खां और नईम निवासी ग्राम सरनिया थाना सीबीगंज बरेली के साथ उसके पास आया। आरोपियों ने कहा कि वह एनएफटी में काम करता है।

कंपनी में रुपया लगाने की बात कहते हुए पांच गुना अधिक रूपया लगाने का लालच दिया। उसने बातों में आकर 16 जून 2025 से लेकर सात जुलाई 2025 तक अलग अलग माध्यमों से रुपये भेजा था। इसके अलावा दो लाख 33 हजार रुपये नकद दिए। इसके अलावा आरोपी शहादत ने उसके पड़ोसी नसीम से भी डेढ़ लाख रुपये लिए हैं। उसके कई बार मांगने पर सिर्फ 13 हजार रुपये नसीम को वापस दिए। जब उसने कंपनी के बारे में जानकारी की तो पता चला कि आरोपी ने धोखाधड़ी करने की नियत से कंपनी को बनाया है। उसने कई लोगों से ठगी की है। जब उसने आरोपी से रूपये वापस मांगे तो आरोपी ने रूपये वापस करने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।मामले की विवेचना की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी को ले जाने के विवाद में मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना व कस्बा ईसानगर निवासी ऋद्धिकान्त मिश्र ने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के दिव्यांश और ममता पत्नी भवेष झा निवासी सरजूनगर कोतवाली धौरहरा उसके घर पहुंचे। यहां उन्होंने उसकी पत्नी को अपने साथ ले जाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। जान से मारने की धमकी भी दी गई। रीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई धर्मेंद्र सिंह चंदेल को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों के विवाद में युवक की पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के गांव भानपुर निवासी रघुनाथ ने बताया कि शाम करीब 6 बजे बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को लेकर रामसागर, रामसागर की पत्नी व उमाशंकर ने उसे घर के बाहर घेर लिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर पीटा। गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित किसी तरह मौके से जान बचाकर भागा और थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव सिंगहा ग्रंट नंबर 14 निवासी 45 वर्षीय परशुराम गुरूवार की शाम साइकिल से अपने घर वापस लौट रहे थे। बताते हैं कि वह सड़क पार कर रहे थे। तभी एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल परशुराम को सीएचसी गोला भेजा, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाह, पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

## लोग वाहनों के साथ प्लास्टिक के गैलन, पीपिया और कैनों में भी पेट्रोल-डीजल भरवाने को लाइन में दिखे, कई पंपों पर खत्म हुआ स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में रसोई गैस की किल्लत के बाद अब पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहों ने हालात को पूरी तरह असामान्य बना दिया है। गुरुवार से शुरू हुई अफरा-तफरी शुक्रवार को चरम पर पहुंच गई। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने वाहनों के साथ-साथ प्लास्टिक के गैलन, पीपिया, डिब्बों और कैनों में भी पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए घंटों लाइन में खड़े नजर आए। कई स्थानों पर स्थिति यह रही कि पंपों पर लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। अफवाहों के चलते लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन जमा करने में जुटे दिखे, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। हालांकि प्रशासन और संबंधित विभाग लोगों से अपील कर रहे हैं कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें, ताकि व्यवस्था सामान्य बनी रहे।

जिले में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की किल्लत होने की अफवाहों ने ऐसा जोर पकड़ा कि पेट्रोल पंपों पर बेतहाशा भीड़ लग गई। लोग पेट्रोल और डीजल पाने के लिए जोर आजमाइश में जुट गए। इसमें चार पहिया वाहन और बड़े वाहन भी शामिल रहे। लोगों ने टंकियां तो फुल ही कराईं। साथ में लाई गई गैलनों, केनों आदि में भी पेट्रोल और डीजल भरवाया। कुछ स्थानों पर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शहर में नौरंगाबाद, रेलवे स्टेशन के सामने पेट्रोल नहीं का बोर्ड लगाकर कुछ पेट्रोल पंप बंद कर दिए गए।



महेवागंज स्थित पेट्रोल पंप पर लगी भीड़, केन में रखा पेट्रोल। ● अमृत विचार



खीरी में पेट्रोल पंप पर मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार



पेट्रोल लेने के लिए युवक बाइक से खोल रहा दो प्लास्टिक की केन।



रोडवेज बस स्टैंड के पास गैलन में डीजल भरते कर्मचारी।

अस्थायी रूप से पंप बंद करने से लोगों में घबराहट फैल गई। नतीजतन सुबह होते ही शहर समेत कस्बा खीरी, महेवागंज, निघासन, पलिया, मझगईं और आसपास के क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। कई जगहों पर वाहनों और केनों, प्लास्टिक की पिपिया आदि के साथ लगी कतारें सड़क तक पहुंच गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि लोगों के बीच धक्का-मुक्की, बहस और कहासुनी की घटनाएं भी सामने आने लगीं। शहर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट, रेलवे स्टेशन के सामने सहित कई पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जुट गई।

उधर, महेवागंज के हिन्द फिलिंग स्टेशन और महेवा फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो गया। वहां घंटों लाइन में लगे लोगों को बिना ईंधन लिए ही वापस लौटना पड़ा। दूसरी ओर शर्मा पेट्रोल पंप, मूसाराम और मां शारदा फिलिंग स्टेशन पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध होने के बावजूद अफवाहों के कारण यहां भी भारी भीड़ लगी रही। कई लोग अपनी जरूरत से कहीं अधिक ईंधन भरवाते नजर आए, जिससे सप्लाई चेन पर अतिरिक्त दबाव बन गया और कृत्रिम किल्लत जैसी स्थिति पैदा हो गई।

अफवाहों का असर ग्रामीण क्षेत्रों में और भी गहरा दिखाई दे रहा है।

गांवों के लोग बड़ी संख्या में कस्बों के पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं और गैलनों में पेट्रोल भरवाकर ले जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंप संचालकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल देने की व्यवस्था शुरू कर दी है। हालांकि इससे लाइनें और लंबी हो गई हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने साफ किया है कि पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक किल्लत नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। साथ ही कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके बावजूद अफवाहों का असर कम नहीं हो रहा है। लोग आशंका के चलते ईंधन का भंडारण कर रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ती जा रही है। यदि समय रहते अफवाहों पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

**फूलबेहड़।** रसोई गैस की किल्लत के बाद अब डीजल व पेट्रोल की भी किल्लत नजर आने लगी है। कस्बा महेवागंज में हिन्द फिलिंग स्टेशन व महेवा फिलिंग स्टेशन पर डीजल व पेट्रोल खत्म हो गया। वहीं शर्मा पेट्रोल पंप, मूसाराम व मां शारदा फिलिंग स्टेशन पर भरपूर मात्रा में डीजल व पेट्रोल उपलब्ध है।

लेकिन तेल बंद हो जाने की अफवाहों के चलते पेट्रोल पम्पों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अफवाह के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने कमाई का जरिया बना लिया। कस्बे से पेट्रोल ले जाकर गांव में महंगे रेट में बेचना शुरू कर दिया है।

### जिले में पेट्रोल पंप - 285

**शुक्रवार को उपलब्धता**

- डीजल – 2454 किलोलीटर
- पेट्रोल – 1893 किलोलीटर

**गुरुवार को डीजल- पेट्रोल की बिक्री**

- डीजल – 1055 किलोलीटर
- पेट्रोल – 453 किलोलीटर

**खीरी के लिए शुक्रवार को रवाना हुआ तेल**

- डीजल – 1200 किलोलीटर
- पेट्रोल – 400 किलोलीटर

### पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

जिले में 285 पेट्रोल पंप हैं। गुरुवार को डीजल की 1055 किलोलीटर और पेट्रोल की 453 किलोलीटर बिक्री हुई थी, जबकि शुक्रवार को डीजल की 2454 किलोलीटर, जबकि पेट्रोल की 1893 किलोलीटर बिक्री हुई। वहीं शाहजहांपुर, बरेली, लखनऊ और कानपुर से जिले को 1200 किलोलीटर डीजल और 400 किलोलीटर पेट्रोल रवाना हो चुका है। डीजल, पेट्रोल और गैस का जिले में पर्याप्त स्टाक है। न तो कोई दिक्कत है और न ही होने दी जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील है कि वह किसी अफवाह में न आएं और जरूरत के हिसाब से ही डीजल, पेट्रोल और गैस सिलेंडर खरीदें। **-अंजनी कुमार सिंह**, डीएसओ

### पंपों से गैलनों में भरवाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऊंचे दामों में बेच रहे पेट्रोल-डीजल

कुछ लोगों ने इस स्थिति को अवसर में बदल लिया है। शहर और कस्बों से सामान्य दर पर पेट्रोल खरीदकर गांवों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। कई जगहों पर पेट्रोल निर्धारित मूल्य से काफी अधिक कीमत पर बिकने की सूचना मिल रही है, जिससे कालाबाजारी की आशंका बढ़ गई है और आम लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि धौरहरा में कुछ पेट्रोल पंप मालिक 105 रुपये प्रति लीटर बिक्री किया जा रहा है। वहीं गांवों में डेढ़ सौ रुपये प्रति लीटर से लेकर 200 रुपये प्रति लीटर बिक्री किया जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों और वाहन चालकों का कहना है कि अचानक बढ़ी भीड़ और अफवाहों के चलते उनका दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों को समय पर ईंधन नहीं मिलने से माल ढुलाई प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों और ग्रामीणों को भी खेती-बाड़ी के कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जरूरत से अधिक खरीद रहे लोग

**मितौली।** सवेरे से ही क्षेत्र के पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि पंप संचालकों का कहना है कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन भविष्य में किल्लत के डर से लोग घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। कई वाहन चालकों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह भी तेल और गैस की उपलब्धता को लेकर जागरूक कर रहें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भीड़ और असमंजस की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नोकझोंक को रोकने के लिए कई पेट्रोल पंपों पर एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया।

# आलू काश्तकारों को लागत निकालने के पड़े लाले

- किसानों को कंगाल बना रहा सब्जियों का राजा

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** इस वर्ष हुई आलू की बंपर पैदावार किसानों के लिए खुशहाली के बजाय मुसीबत का सबब बन गई है। जिस आलू को सब्जियों का राजा कहा जाता है वही आलू आज मंडियों में कौड़ियों के दाम बिक रहा है। जिससे किसानों की कमर टूट गई है।

इस बार आलू की कीमतों में आई भारी गिरावट के चलते किसान गहरे आर्थिक संकट में है। मंडी में हालात यह है की सफेद आलू महज 200 से 250 रुपए प्रति बोरी (50 किलो) के भाव बिक रहा है, जबकि अच्छी गुणवत्ता वाला आलू भी 300 रुपए तक ही सिमट गया है। लागत और मुनाफे का गणित पूरी तरह बिगड़ जाने से किसान हताश नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि आलू की फसल तैयार करने में इस साल भारी निवेश करना पड़ा। बीज की महंगी कीमतों के साथ खाद, कीटनाशक, सिंचाई और बेल खुदाई की मजदूरी मिलाकर प्रति बोरी लागत वर्तमान भाव से कहीं अधिक बैठ रही है।

किसानों के अनुसार मौजूदा दरों पर आलू बेचना अपनी मेहनत को मिट्टी में मिलाने जैसा है। किसानों की मांग है कि आलू का एक निश्चित समर्थन मूल्य तय किया जाए। मंडियों में बिचौलियों के बजाय सीधे सरकारी खरीद की व्यवस्था हो। साथ ही कोल्ड स्टोरेज और बेहतर लॉजिस्टिक्स हो ताकि किसान आलू की फसल रोक सके। आलू किसान पुष्कर सिंह, पृथ्वीपाल, श्यामलाल, सफीक अहमद, दिलावर सिंह आदि ने बताया कि उन्होंने इस उम्मीद में बड़े पैमाने पर आलू की फसल बोई थी कि फसल से अच्छा मुनाफा होगा लेकिन हकीकत इसके उलट निकली।

किसानों ने बताया कि बोआई से खुदाई तक लगभग 35 हजार रुपए बीघा लागत आई है। भविष्य में दाम बढ़ाने की उम्मीद में आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखने पर स्टोरेज का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ेगा।



खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी महंगी है लेकिन बाजार में आलू का सही भाव नहीं मिल रहा है। मेहनत तो बहुत की लेकिन फसल बेचने पर नुकसान ही दिख रहा है। अगर ऐसे ही रहा तो अगले साल आलू की खेती करना मुश्किल हो जाएगा। **-बहोरी लाल**, निवासी पल्हनापुर



कई साल बाद आलू की बंपर पैदावार हुई है। इस बार फसल में झुलसा रोग नहीं लगा इसलिए उत्पादन अच्छा हुआ है। लेकिन मंडी में आलू पांच रुपए किलो आलू बिक रहा है जिससे लागत भी नहीं मिल रही है। **-विनोद कुमार राज**, निवासी पल्हनापुर।

# कांशीराम आवास में दिल्ली पुलिस का छापा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** दिल्ली पुलिस की एक टीम शुक्रवार की शाम डीसी रोड स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी पहुंची और एक आवास पर छापा मारा। टीम ने घर की तलाशी ली, लेकिन आरोपी मौके पर नहीं मिला। इस पर टीम वापस लौट गई। जेल गेट चौकी इंचार्ज अजीत मिश्रा ने बताया कि कांशीराम आवास कॉलोनी निवासी अभिषेक उर्फ बिन्नी मौर्या की तलाश में दिल्ली पुलिस की एक टीम आई थी। टीम ने चौकी के सिपाहियों के साथ आरोपी के आवास पर छापा मारा था, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सका। उन्होंने बताया साइबर अपराध के मामले में दिल्ली पुलिस आरोपी अभिषेक उर्फ बिन्नी मौर्य को तलाश रही है।

# लखीमपुर ग्रीन ने 21 रनों से ब्ल्यू को हराया

- स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिकेट मैच आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम, लालपुर में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित बी डिवीजन जिला क्रिकेट लीग के मुकाबले में लखीमपुर ग्रीन और लखीमपुर ब्ल्यू के बीच रोमांचक मैच खेला गया। मुकाबले में लखीमपुर ग्रीन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 21 रनों से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखीमपुर ग्रीन की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 258 रन बनाए। टीम की ओर से अनिकेत नाथ तिवारी ने 51 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि हर्षित पाल ने 38 और निर्दोष सिंह ने 31 रनों का योगदान दिया। लखीमपुर ब्ल्यू की तरफ से मुकुल सिंह और आदित्य कुमार ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखीमपुर ब्ल्यू की टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण टीम 40 ओवरों में 237 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



लालपुर स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

ब्ल्यू की ओर से अतीक अहमद ने 67 और धर्मवीर ने 51 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं, लखीमपुर ग्रीन के गेंदबाज आराध्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए। इस जीत के साथ लखीमपुर ग्रीन ने मुकाबले में बढ़त बनाते हुए 21 रनों से जीत अपने नाम कर ली। मैच के दौरान अभिषेक शुक्ला, राम जी कश्यप, विशाल वर्मा, नीरज शुक्ला, मलिक इरफान, रवि शंकर तिवारी, सूरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में निर्माणाधीन कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का विधायक अमन गिरि ने निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को समय से गुणवत्ता परक कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।



गोला में कॉरिडोर सौंदर्यीकरण का निरीक्षण करते विधायक अमन गिरि।

- रिटेनिंग वॉल पर उकेरे जा रहे धार्मिक महत्व दर्शाने वाले न्यूरल्स

स्टेशन रोड स्थित मुख्य प्रवेश द्वार से शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर बनी रिटेनिंग वॉल पर पौराणिक कथाओं के दृश्यों और धार्मिक महत्व को दर्शाने वाले न्यूमेरल्स उकेरे जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। नक्काशीदार न्यूरल्स, शिव, सप्त ऋषियों, श्री शिव दरबार की झांकी, सेतुबंध रामेश्वरम की प्रतिमाएं उकेरी जा रही हैं। इसे काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। भोलेनाथ का दर्शन, पूजन, अभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव हो सके। विधायक अमन गिरि ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था के जेई अजय प्रताप सिंह, रोहित कुमार को समय से गुणवत्ता परक कार्य कराने के निर्देश दिए।

# चीनी मिल बंदी का पहला नोटिस आज जारी

**बग्घून अमृत विचारः** बलरामपुर समूह की कुंभी चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना चंद्रहास ने मिल बंदी की पहली नोटिस जारी करते हुए बताया है कि गन्ने की फ्री खरीद की जा रही है, फिर भी चीनी मिल गन्ने के अभाव में नो केन में बंद होकर चल रही है, जिससे प्रतीत होता है कि किसानों का आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त हो चुका है। उन्होंने अपील की है कि जिनके पास गन्ना अवशेष है वह 28 मार्च शनिवार तक दिन का गन्ना बचा है, आपूर्ति कर दें। 28 मार्च के बाद चीनी मिल का वर्तमान पेराई सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# मिशन शक्तिः दौड़ के जरिये दिया सुरक्षा का संदेश

- भीरा पुलिस व विद्यार्थियों ने मिलकर निकाली मैराथन
- हेल्पलाइन नंबर व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान के तहत भीरा पुलिस और कस्बा भीरा के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पुलिसकर्मी, महिला आरक्षी और स्थानीय लोग शामिल हुए, जिससे पूरा कस्बा जागरूकता के रंग में रंगा नजर आया।



मैराथन में शामिल पुलिस और छात्र। ● अमृत विचार

मैराथन की शुरुआत थाना भीरा गेट से हुई, जो सर्राफा बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए स्टेशन रोड तक पहुंची और फिर वापस थाना परिसर में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 181, 112, 1098, 1076, 102, 108 और 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, महिलाओं और बालिकाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना और राष्ट्रीय पोषण मिशन के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

# ऐतिहासिक चैती मेले का उद्घाटन आज

- व्यवस्थाओं में जुटे पालिका कर्मचारी, तरह-तरह की दुकानें सजा रहे दुकानदार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक चैती मेला का आरंभ शनिवार 28 मार्च शाम को होगा, जिसको लेकर मेले के सांस्कृतिक मंच भी सजने लगा है। पालिका कर्मचारी मेला मैदान में मिट्टी की पटाई, समतलीकरण कर तमाम प्रकार की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के शनिवार शाम को हो रहे शुभारंभ को लेकर दुकानदार दुकानें सजाने में और नगर पालिका परिषद के कर्मचारी सांस्कृतिक मंच तैयार करने में जुटे हैं। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी लाकर मेला मैदान में पटाई कर जमीन समतलीकरण का कार्य कर रहे हैं। मेले में झूले और रंग-बिरंगी दुकानें लग रही हैं। मेला स्थल पर रौनक बढ़ रही है, जिससे नगर सहित क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



मेला मैदान में सजी सोफ्टी की दुकान, पटाई करते श्रमिक। ● अमृत विचार

28 मार्च से 16 अप्रैल 20 दिनों तक होने वाले ऐतिहासिक चैती मेले के लिए इस बार पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 40 लाख रूपये का बजट पास किया जा चुका है। बच्चों, युवाओं के मनोरंजन की दृष्टि से झूला, खेल-तमाशा, मौत कुआं और विभिन्न प्रकार की दुकाने मेले में आ गई हैं, जो उपयुक्त स्थान पर लगने लगी है। मेला मैदान के उत्तर पश्चिम मौत का कुआं लग गया है। वहीं स्काई झूले में कुर्सियां बंध रही हैं।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 28 मार्च शनिवार की शाम मेले का उद्घाटन है। इसके लिए भव्य रुप से दुकानें और खेल तमाशे लग रहे हैं और शाम के समय द्वीप प्रज्ज्वलित कर इस मेले का सांस्कृतिक मंच से उद्घाटन होगा। मेले में क्रोकरी, सॉफ्टी, होजरी बड़ा फोटोग्राफी, हरमाल की कई दुकानें, हाथ से चलने वाले कई छोटे झूले लग चुके हैं। मेले के उद्घाटन से कई दिन पूर्व ही नगर की सभी प्रमुख सड़कों पर रोड लाइट्स, अलीगंज रोड पर बिजली की झालरें जगमगा रही हैं।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# श्रीराम नवमी पर मंदिरों में पूजा एवं रामचरितमानस का हुआ पाठ

## श्रीराम परिवार की आरती व भजन-कीर्तन हुए, मुड़िया महंत मंदिर में भक्तों में बांटा प्रसाद, खीरी टाउन के ठाकुरद्वारा पक्का तालाब प्रांगण में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शुक्रवार को जिले भर में भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मना। मंदिरों में श्रीराम चरित मानस पाठ का समापन कर प्रसाद वितरण हुआ। मुड़िया महंत मंदिर एवं बर्तन बाजार स्थित श्रीरामनवमी मंदिर में भगवान श्रीराम परिवार की आरती कर भक्तों में प्रसाद वितरित हुआ। उधर, खीरी टाउन स्थित ऐतिहासिक श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब प्रांगण में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर में विराजमान प्रभु श्री राघवेंद्र सरकार एवं श्री गोपेश्वर महादेव सरकार के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रीरामनवमी को लेकर एक दिन पहले ही जिले भर के मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार दोपहर 12 बजते ही मंदिरों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवार राम की आरती का सिलसिला शुरू हो गया। बर्तन बाजार स्थित श्रीराम नवमी मंदिर प्रभुश्रीराम की आरती उतारकर प्रसाद वितरण हुआ। उधर, मुड़िया महंत मंदिर में आचार्य पंकज कृष्ण शास्त्री ने भगवान की आरती उतारी।


खीरी टाउन स्थित ठाकुरद्वारा पक्का तालाब प्रांगण में सजा भगवान राम दरबार।


ठाकुरद्वारा पक्का तालाब में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने ढोलक बजाकर बधाई गीत गाए। इस दौरान श्रद्धालु मौजूद रहे।

उधर, खीरी स्थित श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब प्रांगण में श्रीराघवेंद्र सरकार एवं श्री गोपेश्वर महादेव सरकार के मंदिर में भगवानराम का जन्म उत्सव उत्सव मनाया गया। मंदिर कमेटी के संरक्षक रामगोपाल शेखर, अध्यक्ष एडवोकेट रजत शेखर, मार्गदर्शक मंडल के विष्णु गोपाल शेखर एवं मीडिया प्रभारी युवराज शेखर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कमेटी सदस्य तनमय ने बताया कि राम जन्म के पावन अवसर पर ठीक दोपहर 12 बजे शंख-घड़ियाल, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के बीच मंदिर के पुजारी कुबेरनाथ तिवारी द्वारा प्रभु की भव्य आरती संपन्न कराई गई।

इस दौरान शेखर परिवार की महिला मंडल संरक्षिका कमलेश शेखर, रिचा शेखर, खुशबू शेखर, रूपाली शेखर और रति शेखर समेत टीम ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। भजन-कीर्तन का कार्यक्रम देर तक चलता रहा। इसके अलावा प्रांगण में स्थित एक अति प्राचीन कुआं जर्जर अवस्था में है, जिससे वहां होने वाले पूजा-अर्चना के कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। कमेटी ने इसके शीघ्र जीर्णोद्धार की भी मांग की है। इस मौके पर महावीर प्रसाद लाला भैया, मधुकर महेंद्र, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद पांडे, एडवोकेट डीके त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### बरवर में कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई बरोसी पूजा

**बरवर।** नगर में जगदंबा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के समापन पर ऐतिहासिक बरोसी पूजा का आयोजन किया गया। देवी स्थान जीर्णोद्धार प्रबन्ध समिति के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक पंडित प्रेम बाबू शर्मा ने हवन पूजन आदि कर धार्मिक अनुष्ठान किए। बरोसी पूजा को विधि-विधान से मुरादपुर निवासी पंकज पंडा ने श्रद्धालुओं के साथ जलती बरोसी को नगर के चारो ओर लगभग नौ किमी की परिक्रमा 40 मिनट में लगाई। इस मौके पर कई थानो की पुलिस, पीएसी बल और महिला पुलिस तैनात रही। इस मौके पर एसडीएम मोहम्मदी, सीओ मोहम्मदी, अरुण कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या मे पुलिस फोर्स मौजूद रहा।


बरवर में बरोसी पूजा में पंडा के साथ चक्कर लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### रामनवमी पर हवन, कन्या भोज व भंडारों की धूम

**पलिया कलां।** नगर में रामनवमी पर जगह-जगह हवन, कन्या भोज एवं भंडारे आयोजित हुए। श्रद्धालु देवी -भक्तों एवं राम भक्तों ने इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बजाज चीनी मिल में नवरात्रि के अंतिम दिन इकाई प्रमुख ओपी सिंह चौहान ने अपनी पत्नी सावी चौहान एवं मिल के अधिकारियों व उनके परिजनों के साथ श्रद्धापूर्वक देवी मां दुर्गा पूजन कर आरती की। पूजन मंदिर के पुजारी पं. रामेंद्र मिश्रा ने कराया। इस मौके पर आसवनी हेड उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दुबे, यूके पांडे, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। उधर, नगर के आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान पर देवी जी का विशाल हवन किया गया। कुल उपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र, आचार्य अतुल शुक्ला, आचार्य राजेंद्र मिश्रा, आचार्य सोमेश माधव मिश्र व पंडित राजेंद्र तिवारी आदि ने हवन कराने में अहं भूमिका निभाई। संस्था से जुड़े अनेक श्रद्धालुओं ने सपरिवार हवन में आहुतियां डाल आरती की। उधर, रामलीला मैदान में श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ किया गया। पश्चात भगवान श्रीराम व माता सीता जी आदि की विधिवत पूजा अर्चना कर आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। माल गोदाम रोड पर ट्रांसपोर्टर संजय बराती ने विशाल भंडारा कराया। पांडे बाबा मंदिर पर व्यापारी दिनेश गुप्ता, बबलू गुप्ता ने कन्या भोज कराकर भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इसके अतिरिक्त नगर व क्षेत्र के अनेक मंदिरों व घरों में भी हवन पूजन कर कन्याएं खिलाने का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा।


बजाज चीनी मिल पलिया में देवी जी का पूजन करते यूनिट हेड ओपी चौहान।

# चैत्र रामनवमी वन शक्ति मेले में उमड़ी श्रद्धा

- पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** एक दिवसीय चैत्र रामनवमी वन शक्ति मेले का आयोजन शुक्रवार को खीरी और पीलीभीत के बॉर्डर पर स्थित रामनगर कॉलोनी एवं सिंगाही खुर्द में किया गया। मेले में दोनों जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजन-अर्चन किया।

सीमा क्षेत्र में आयोजित होने के कारण इस मेले का विशेष महत्व है, जहां लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जनपद के लोग एक साथ शामिल होकर धार्मिक आस्था का परिचय देते हैं। मेले में दिनभर चहल-पहल बनी रही और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भी मेले में सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत मेले में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 1076, 112व 102 हेल्पलाइन आदि की जानकारी दी। पूरे आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद शांतिपूर्वक लिया।


महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

# मंदिरों, घरों में हुआ हवन-पूजन एवं कन्या भोज


बिझौली में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


कंजा देवस्थान पर हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नवरात्रि के समापन राम नवमी पर मंदिरों और घरों में हवन, कन्या पूजन, भोज और भंडारे आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने उपवास खोलकर कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर पूजा, भोजन और उपहार अर्पित किए।

नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को रामनवमी पर सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे के आयोजन किए गए। राम नवमी पर भगवान राम के जन्मोत्सव के साथ ही मां दुर्गा के नौवें रूप सिद्धिदात्री की पूजा की गई, जिसके बाद हवन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भक्तों ने कन्याओं के पैर धोकर, टीका लगाकर उन्हें हलवा, पूरी और चने का प्रसाद खिलाया और उपहार दिए। विधायक अमन गिरि ने फार्म हाउस पर अपने परिजनों के साथ हवन पूजन कर कन्या भोज कराया। कोतवाली स्थित मंदिर परिसर पर पंडित शिवम मिश्रा ने हवन पूजन कराया। आरक्षी अनुज सागर ने कन्या भोज कराकर उपहार दिए। मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान पर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने हवन पूजन का कन्याओं को प्रसाद वितरित कर उपहार दिए। नगर के लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर, खुटार रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, जय मां मंगला देवी मंदिर, नीलकंठ मैदान में सुबह से आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद लिया।


एक घर में भोजन करतीं कन्याएं।

मूड़ा सवारान। छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए उनका पूजन किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण धोकर तिलक लगाया और उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद कन्याओं को पूड़ी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाकर कन्याओं को उपहार भी दिए गए। कई परिवारों ने पूरे विधि-विधान से हवन-पूजन कर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। पंडालों में भजन-कीर्तन और देवी गीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा।

बिझौली। अमृत विचारः गांव बरगदिया स्थित देवी मंदिर, चिंतापुरवा दुर्गा देवी मंदिर, बिझौली के दुर्गा मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों में देवी का पूजन और कन्या भोज कराया गया। मंदिर पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने वहां मौजूद कन्याओं को श्रद्धा अनुसार भोज कराया और दक्षिणा दी। पंडित लक्ष्मीकांत शास्त्री ने मंत्रो के साथ आरती संपन्न कराई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### दुर्गा माता मन्दिर पर कन्या भोज भंडारे के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ का समापन



**रोशननगर, अमृत विचार :** कस्बा रोशननगर में दुर्गा माता मन्दिर पर चैत्र नवरात्र पर हो रही श्री शतचण्डी महायज्ञ का समापन कन्या भोज विशाल भंडारे के साथ किया गया। भंडारे का प्रसाद गांव से लेकर आस पड़ोस से श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। वृंदावन की रासलीला में रात्रि की बेला मे राधा कृष्ण की झांकी व बाल लीला दिखाई। भक्त प्रहलाद की लीला का मंचन किया। लीला का देखने के लिए श्रद्धालुओ की काफी भीड़ उमड़ी। आयोजक चौधरी विजेंद्र सिंह, मन्दिर के पुजारी जैजैराम कुशवाहा, रजनीश वर्मा, विमला देवी, दिनेश वर्मा झाला वाले, अनिल गुप्ता, चन्द्र कांत त्रिपाठी, राजेश्वर पाल, अंकित वर्मा, अर्जुन लाल सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कन्या पूजन के साथ किया गया पौधरोपण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पर्यावरण मित्र समूह के उपाध्यक्ष राम मोहन गुप्त एवं उनके परिवार ने कन्याओं से पौधारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधिवत कन्याओं का पूजन किया। इसके उपरांत कन्याओं को भोग-प्रसाद ग्रहण कराया गया और उपहार भेंट किए गए। बच्चों के हाथों गमलों में पौधे रोपित कराए गए। इस दौरान अनमोल, वेदिका, सुनयना, मोहिनी, शिवांशी समेत अन्य बच्चों ने पौधारोपण किया। नन्हें-नन्हें हाथों से पौधे लगाते हुए बच्चों में खुशी और उत्साह साफ नजर आया। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। पर्यावरण मित्र समूह ने इस अवसर पर अर्चना गुप्ता, नमिता गुप्ता, मदन मोहन गुप्त, अपेक्षा गुप्ता, अनमोल, मोहिनी, सुनयना, किंजल, खुशी, पूर्वी, वेदिका, शिवांशी, नयना, पिंकी, रिंकी, अशोक सहित कई लोग मौजूद रहे।



# बैठक में बनाई गई विकास की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, अरनीखाना लखीमपुर की सामान्य निकाय बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा व विशिष्ट अतिथि लखीमपुर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश वाजपेयी की मौजूदगी में क्षेत्रीय गन्ना किसानों की समस्याओं, विकास योजनाओं और समिति के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, अरनीखाना के चेयरमैन अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने सभी अतिथियों, किसानों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। समिति सचिव अच्छेलाल भारती ने बैठक का एजेंडा बिंदुवार प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान किसानों के हित में जरूरी निर्णय लिए और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तय की गई।



निकाय की बैठक में विधायक योगेश वर्मा को सम्मानित करते चेयरमैन अशोक अवस्थी।

इस अवसर पर कार्यालय स्टाफ, लिपिक आलोक सक्सेना, स्थापना लिपिक अनुराग शुक्ला आदि मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम में समिति संचालक सदस्य संसारा देवी के प्रतिनिधि सत्यनारायण, सुदारा देवी के प्रतिनिधि अशोक वर्मा, लक्ष्मी देवी के प्रतिनिधि कौशल किशोर, राकेश जायसवाल, शिवनन्दन तथा रविन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने विचार रखे। जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, भीजान अली, रेखा वर्मा और राजबहादुर समेत गन्ना विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। बैठक में समिति के कार्यों की समीक्षा के साथ किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

# गन्ना समिति की आयोजित वार्षिक बैठक में हंगामा

- खाद, पर्ची और बंद गोदामों पर उठाए सवाल
- संचालकों ने अनसुनी की शिकायत, हुई नोकझोंक

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** खीरी-पीलीभीत गन्ना विकास लिमिटेड परिसर में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक बैठक में किसानों और संचालकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार आवाज उठाई। बैठक के दौरान बंद पड़े गोदामों का संचालन, समय से खाद और गन्ना पर्ची वितरण, सब्सिडी व्यवस्था जैसे मुद्दे हावी रहे। इस बीच एक समय चेयरमैन और संचालकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई, जिसे लंच ब्रेक की घोषणा कर शांत कराया गया।

बैठक की अध्यक्षता समिति चेयरमैन सुखविंदर सिंह ने की। समिति सचिव गंगा राम यादव ने विगत वर्ष और चालू वर्ष के संभावित आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में समिति को 4 करोड़ 18 लाख की आय, 3 करोड़ 67 लाख खर्च और लगभग 1 करोड़ का लाभ अनुमानित है। सप्लाई के आंकड़ों पर बताया गया कि वर्ष 2023-24 में 47.31 लाख, वर्ष 2024-25 में 47.72 लाख और वर्तमान सत्र 2025-26 में अब तक 40 लाख की सप्लाई हो चुकी है, जो आगे बढ़ने की संभावना है। बैठक में सुमेरनगर के किसान अब्दुल बहाव ने एजेंडा एक दिन पहले मिलने और जुम्मे की नमाज व रामनवमी जैसे पर्व के दिन बैठक रखे जाने पर आपत्ति जताई। इस पर चेयरमैन ने भविष्य में ध्यान रखने का आश्वासन दिया।


अध्यक्ष के सामने अपनी बात रखता किसान। ● अमृत विचार

संचालक सर्वजीत ने समिति में संचालकों की अनदेखी का आरोप लगाया, वहीं किसान लल्लन गोंड ने हजारा क्षेत्र के राघवपुरी, कबीरगंज, खजुरिया और बालपुर आदि गांवों में बंद पड़े गोदामों को 15 दिन में चालू करने की मांग की, ताकि किसानों को सम्पूर्णानगर आकर लाइन न लगानी पड़े। विशेनपुर के किसान राम सिंह ने बीज और सब्सिडी व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। इस पर ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी मिथलेश पांडेय ने बताया कि किसान 15 दिन पहले समिति में अपना नाम दर्ज कराकर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। उधार या कर्ज की व्यवस्था के लिए समिति स्तर पर वार्ता करने की बात कही। इसके अलावा हजारा क्षेत्र में खाद और सब्सिडी न पहुंचने का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस पर प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान राघवपुरी क्षेत्र के मुद्दे को लेकर चेयरमैन और संचालकों के बीच बहस भी देखने को मिली। चेयरमैन सुखविंदर सिंह ने स्वीकार किया कि स्टाफ की कमी के चलते दिक्कतें आ रही हैं। बैठक में उपसभापति इंद्रदीप सिंह बटन, पूर्व चेयरमैन दिलावर जीत सिंह, मुख्य गन्ना अधिकारी उदय भान सिंह, ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी मिथलेश पांडेय, शिव कुमार, नसीब सिंह, हरविंदर सिंह, सूर्यपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजावलपुर गांव के मंदिर में मिला पुजारी का शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुजावलपुर में स्थित मंदिर में हरदोई जिले के 85 वर्षीय पुजारी थे। वह करीब पांच साल से मंदिर में रह रहे थे। वह परिसर में बने एक कमरे में रहता था। गुरुवार की शाम लोगों ने देखा कि वह कमरे में मृत अवस्था में पड़े है। सूचना पर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह मंदिर पहुंचे और जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट के अनुसार पुजारी की बीमारी से मौत हुई है।

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खलीलगर्वी निवासी राजाराम ने अभियुक्त नीलमणि निवासी मदराखेल चौक कोतवाली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि नाजायज असलहा लेकर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देना। पुलिस ने नीलमणी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पौनिया व कारतूस बरामद किए हैं।

### युवती की बरामदगी को हिंदू वाहनी ने दिया ज्ञापन

निगोही, अमृत विचार : हिन्दू युवा वाहनी ने थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में बताया कि दूसरे संप्रदाय का युवक युवती को अगवा कर ले गया था। आरोपी ने दिल्ली में युवती के साथ दुष्कर्म किया था। मांग की है कि युवती की बरामदगी कर डॉक्टरी परीक्षण कराया जाए और आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, विक्रम सिंह, मंजीत वर्मा, विवेक वर्मा आदि थे।

# पाइपलाइन बिछी, टैंक नहीं बनने से पीने के पानी की हो रही किल्लत

## जल जीवन मिशन अधूराः भानपुर, बीबीपुर, शाहपुर समेत कई गांवों में अधूरी पड़ी योजना



भवानीपुर में सोलर पैनल व अधूरा पड़ा ओवरहैड टैंक। ● अमृत विचार



शाहपुर में अधूरा पड़ा ओवरहैड टैंक। ● अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर

- सोलर पैनल व अन्य कार्य भी कई जगह अधूरे

अमृत विचारः बिजुआ क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अधूरी पड़ी हुई है। योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। ओवरहेड टैंक निर्माण न होने के कारण ग्रामीणों को अब भी पानी के लिए जूझना पड़ रहा है।

क्षेत्र के भानपुर, बीबीपुर, शाहपुर सहित कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तो पूरा कर लिया गया है, लेकिन इसके बाद जरूरी ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य या तो शुरू ही नहीं हुआ या अधूरा पड़ा है। कई स्थानों पर ट्यूबवेल बोरिंग, सोलर पैनल और बाउंड्री वॉल का निर्माण पूरा होने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। वहीं कुछ गांवों में सोलर पैनल का कार्य भी अधूरा पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना की शुरुआत बड़े स्तर पर की गई थी और उम्मीद जताई गई थी कि जल्द ही हर घर तक पानी पहुंचेगा, लेकिन कार्य की धीमी गति के चलते हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों को आज भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है और कई जगह बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, योजना के तहत पहले अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने के बाद ट्यूबवेल, सोलर पैनल और ओवरहेड टैंक के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जानी थी, लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही और संसाधनों की कमी के चलते योजना अधूरी रह गई है।

इधर पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन 'हर घर जल' जैसी अहम योजना की धीमी प्रगति लोगों में नाराजगी का कारण बन रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा कर नियमित जलापूर्ति शुरू कराई जाए।

### डेढ़ साल से फंड न मिलने से कार्य प्रभावित

जल निगम के जेई धनंजय सिंह ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से फंड नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण कार्य की गति धीमी हो गई है। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का निर्माण पूरा हो चुका है, उनका भुगतान मिलते ही शेष कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाएगा। कुछ स्थानों पर विवाद के चलते भी कार्य रुका हुआ है। कुल 62 योजनाओं में से लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अधिकांश ओवरहेड टैंकों का निर्माण अभी अधूरा है, जिसे जल्द ही पूर्ण कराया जाएगा।

## हादसे में बाइक सवार की मौत, पत्नी सहित दो घायल

उचौलिया, अमृत विचारः लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया कस्बे में वनका गांव कट पर डीसीएम ने दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और दूसरा बाइक सवार घायल हो गया। घायलों को शाहजहांपुर भेजा गया है।

शुक्रवार की दोपहर बाइक पर सवार गांव नगरिया थाना मझिला हरदोई निवासी निजामुद्दीन अपनी पत्नी आजरा बानो और दो बच्चों के साथ बाइक से वनका गांव की ओर से आ रहे थे। उचौलिया में उसने अपनी बाइक हाईवे पर मोड़ी। हाईवे पर किनारे उचौलिया थाना के गांव कटिघरा निवासी फारूख बाइक लेकर खड़े थे। इसी बीच शाहजहांपुर की ओर से आक्सीजन सिलेंडर लेकर तेज गति से आ रही डीसीएम ने दोनो बाइकों में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से तीनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को एनएचएआई की एंबुलेंस से शाहजहांपुर भेजा। फारुख शाहजहांपुर मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज बंथरा में निजामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया गया। पत्नी आजरा बानो गंभीर हालत में भर्ती हैं। दोनों बच्चियों को कोई चोट नहीं आई।

# ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, चार लोग घायल



नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज के पास खाई में पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

संवाददाता पसगवां

- जंगबहादुरगंज बाईपास पर एनएचएआई टीम की थी बोलेरो

अमृत विचारः थाना क्षेत्र में हाईवे के जंगबहादुरगंज बाईपास पर शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एनएचएआई टीम के तीन लोगों सहित चार लोग घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

उड़ीसा से पंजाब जा रहे तेज रफ्तार में ट्रक ने अनियंत्रित होकर एनएचएआई टीम की बोलेरो में टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो डिवाइडर पर चढ़ गई और ट्रक गहरी खाई में पलट गया। इसकी चपेट में दो बाइक वाले आ गये। अनियंत्रित ट्रक संकेतक के लिए सड़क पर रखे स्टापर को रौंदते हुए टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन दूर जा गिरे। बाइक सवार दो लोगों के हल्की चोटें आईं। हादसे में ट्रक चालक सहित बोलेरो पर बैठे एनएचएआई के तीन कर्मचारी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद एनएचएआई टीम, स्थानीय पुलिस व सेवा का जुनून टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा। पुलिस ने दुघर्टनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

हादसे में घायल ट्रक चालक जसविंदर सिंह पुत्र अनीत सिंह निवासी नूर महल जालंधर पंजाब स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया। बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला जा सका। एनएचएआई टीम के सुपरवाइजर महमूद निवासी भेठुआ थाना पिहानी हरदोई, श्रमिक ओमप्रकाश निवासी रामापुर रामदास थाना पसगवां और बोलेरो चालक शिवा निवासी बरगवां, सीतापुर को प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।

# थानाध्यक्ष की अगुवाई में मिशन शक्ति फेज 5 शुरू




अहमदनगर में महिला जागरूकता रैली निकालती हैदराबाद पुलिस। ● अमृत विचार

- महिला जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

बिलहरी, अमृत विचारः मिशन शक्ति फेज 5 आरंभ हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक के नेतृत्व में अहमद नगर के कस्तूरबा गाधी विद्यालय के प्रांगण मे आयोजित हुआ।

इस दौरान हैदराबाद थाने की महिला आरक्षियां ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं को स्वालंबन व आत्मनिर्भर बनाने के लिये चलाये जा रहे कल्याण कारी फोन नम्बरों के बारे में स्कूली छात्राओं व शिक्षकाओं को विस्तार से बताया। एसओ ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है। ग्राम प्रधानपति मुकेश गुप्ता, हैदराबाद थाने के एसएसआई एपी सिंह राठौर सहित तमाम महिला आरक्षी मौजूद रहीं।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल

मझगई, अमृत विचारः कोतवाली धौराहरा क्षेत्र के गांव कफारा निवासी साबिरा (55) पत्नी जाकिर जियारत के लिए गहलुइया स्थित मस्तान मियां की मजार पर गई थीं। लौटते समय रात करीब आठ बजे वह मझगईं कस्बे में रिश्तेदारों से मिलने वाहन से उतरीं और सड़क पार करने लगीं। इस दौरान निघासन निवासी दिनेश कुमार ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला सड़क पर गिर पड़ी और उसका दाहिना पैर टूट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज सुमेर सिंह साहनी मौके पर पहुंचे और बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ी करवा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेंदुए का शिकार मासूम को दी नम आंखों से अंतिम विदाई



सिमरनजीत कौर।

- मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल था गांव में चारों ओर शोक का माहौल रहा
- तेंदुए की तलाश में जुटा वन विभाग, दहशत बरकरार



अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के फुटहा फार्म में तेंदुए के हमले में जान गंवाने वाली 7 वर्षीय सिमरन कौर का तीसरे दिन गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मासूम की अंतिम यात्रा में पूरा गांव उमड़ पड़ा और हर आंख नम नजर आई। गांव में चारों ओर शोक का माहौल बना रहा और लोगों के चेहरों पर दुख साफ दिखाई दिया।

घटना के बाद से ही परिजन गहरे सदमे में हैं। मासूम की मूकबधिर मां सरजीत कौर अपनी इकलौती बेटी के शव से लिपटकर लगातार बिलखती रहीं। उनकी स्थिति देख वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

पिता जोगा सिंह भी सदमे में हैं और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते चलें कि बुधवार की शाम को तेंदुआ घर के आंगन में खेल रही सिमरन कौर की गर्दन जबड़े में दबाकर परिजनों की आंखों के सामने से उठा ले गया था। ग्रामीणों और परिवार वालों के शोर करते हुए पीछा करने पर तेंदुआ मासूम बच्ची को घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में छोड़कर भाग निकला था।

घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव देने से इंकार कर दिया था और अगले दिन परिजन, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और सिख संगठनों के लोग मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर करीब 18 घंटे तक शव को मौके पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए थे। शुक्रवार को जब मासूम बच्ची का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव लाया गया तो परिवार में चीख पुकार मच गई। मूकबधिर मां अपनी इकलौती बेटी के शव से लिपच गई। उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान संगठन और सिख समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से मासूम को अंतिम विदाई दी।

### शाम होते ही घरों के बंद हो जाते हैं दरवाजे

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने में डर महसूस कर रहे हैं। शाम होते ही लोग दरवाजे बंद कर घरों में कैद हो जाते हैं। खेती-किसानी का भी काम चौपट है। खेतों में गन्ने की छिलाई भी नहीं हो पा रही है। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही है। घटनास्थल के आसपास पिंजरे लगाए गए हैं और वन कर्मियों की टीम इलाके में ड्रोन की मदद से निगरानी कर रही है। हालांकि अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और क्षेत्र में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## अनित्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटी

मैलानी, अमृत विचारः मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैलानी से खुटार मार्ग पर पड़ने वाले गदनिया बीट जंगल में गुरुवार की देर रात गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली का एक्सल टूट जाने के कारण अनीत्रित होकर रोड के किनारे खड़े पेड़ से टकराता हुआ पलट गया। ट्रैक्टर काफी मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर मालिक त्रिकौलिया निवासी राजपाल सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली गन्ना लेकर खुटार की तरफ जा रहा था। एक्सल टूटने से घटना काफी भयंकर तरीके से हुई, लेकिन चालक को कहीं भी चोट नहीं आई, वह बाल बाल बच गया है।

# घर में घुसकर युवक को पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कांशीराम कॉलोनी में दबंगई, आधे घंटे मचाया उत्पात
- पीड़ित ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

अमृत विचारः शहर के डीसी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में गुरुवार रात दबंगों का कहर देखने को मिला, जहां करीब 12 से अधिक लोगों ने घर में घुसकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने में भी डर रहा है।

कांशीराम कॉलोनी ब्लॉक-10 निवासी रोहित मिश्रा ने बताया कि उनके बड़े भाई नरेंद्र मिश्रा के साथ उनका पारिवारिक विवाद चल रहा है। गुरुवार शाम को उनका भाई उनके घर आया था, जहां दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। इसी दौरान मक्खी, राज, राजेश गुप्ता, बिन्नू, मिनी और विवेक मौर्य समेत 10-12 लोग अचानक घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर रोहित मिश्रा को लाठी-डंडों और हाथ-पैरों से जमकर पीटा। करीब आधे घंटे तक आरोपियों ने घर में हंगामा किया और मारपीट करते रहे। इस दौरान कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि घटना की जानकारी तुरंत पुलिस और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग को दी गई, लेकिन इसके बावजूद सदर कोतवाली पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि वह घर से निकला तो उसे सड़क पर घेरकर मार दिया जाएगा। धमकी के बाद पीड़ित और उसका परिवार घर में रहने को मजबूर हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ऑनलाइन मामला दर्ज कराया है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना रात में मिली थी, लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

लखीमपुर खीरी। कोतवाली धौरहरा के गांव सिसैया कला निवासी इस्माइल का बेटा अशफाक गुरुवार देर रात बाइक से घर लौट रहा था। सिसैया ओवरब्रिज पुल के नीचे उतरते समय सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने अशफाक को मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम स्नेह था। किन्तु अब मैंने अपना नाम बदलकर स्नेहा गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे स्नेहा गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये। **स्नेहा गुप्ता पत्नी गौरव गुप्ता नि. मो. वगिया कस्बा अल्हागंज तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र देवजीत सिंह यादव उर्फ देवांश व उसकी पत्नी देवांशी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **प्रदीप कुमार यादव पुत्र जितिन यादव व प्रियंका यादव पत्नी प्रदीप यादव निवासीगण 638, कटरा चांद खां, थाना कैन्ट, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सीता स्वयंवर की झांकी का किया गया मंचन

संवाददाता, सिंगाही



लीला का सजीव मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- पूर्णाहुति में उमड़े श्रद्धालु, 9 दिवसीय मां दुर्गा महा शतचंडी यज्ञ का समापन

अमृत विचारः ग्राम सिंगहा खुर्द में आयोजित नौ दिवसीय मां दुर्गा महा शतचंडी यज्ञ का समापन हो गया। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आस्था के रंग में रंग दिया। समापन अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिससे पूरा पंडाल खचाखच भरा नजर आया।

अंतिम दिन सुबह से ही हवन-पूजन का क्रम शुरू हो गया था। यज्ञाचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूर्णाहुति दी गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर मा दुर्गा से सुख-शांति, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूर्णाहुति के साथ ही जय मां शेरावाली और जय माता दी के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण रही सीता स्वयंवर की झांकी, जिसमें कलाकारों के जीवंत अभिनय और सजीव मंचन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। देर तक तालियों की गूंज से पंडाल गूंजता रहा।

प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने आयोजन की सफलता में हिन्दू समाज सेवक संघ एवं हिन्दू वाहिनी के अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मुनीश प्रसाद शुक्ला ने यज्ञाचार्य पंडित प्रयागदत्त शास्त्री, उनके सहयोगियों और मुख्य यजमान यशोदानंद मिश्रा को इस भव्य आयोजन का श्रेय देते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने वृंदावन से आई लीला मंडली की प्रस्तुति की भी प्रशंसा की। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राम कैलाश सोनी, राजकुमार गुप्ता (पटवा), गयाप्रसाद विश्वकर्मा, संकटा प्रसाद मौर्य, मनमोहन पटवा, राम कैलाश लोधी, रामप्रीत गुप्ता, संतराम, निर्दोष शुक्ला, सोनू दीक्षित, बालकराम, मुन्नालाल शाह, संतोष वर्मा सहित अनेक लोगों का सराहनीय योगदान रहा। विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

न्यूज ब्रीफ

## शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी



बरखेड़ा, अमृत विचार : श्रम विभाग और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से कस्बे में शुक्रवार को जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं से लाभान्वित होने की प्रक्रिया भी बताई। इस मौके पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अनस, नामित सभासद लक्ष्मीकांत भोजवाल, श्रम विभाग के प्रभारी तेज बहादुर, सुखदेव मिश्रा, माखनलाल भोजवाल, कमलेश कुमार, बंटी शर्मा, कमलेश गंगवार, नन्हे लाल, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

पीलीभीत, अमृत विचार : युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। सेहरामऊ उत्तरी थाने में क्षेत्र की एक युवती ने तहरीर देकर बताया कि ग्राम बुधेली निवासी सुधाकर पुत्र राजाराम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। इसके बाद दूरियां बढ़ाने लगा और फिर शादी करने से ही इन्कार कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को मिली तहरीर के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। दरोगा सतवीर सिंह ने बताया कि आरोपी सुधार को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। चालान कर कोर्ट में पेश करके उसे जेल भेज दिया है।

## पति समेत ससुरालियों पर रिपोर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार : थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम घियौना निवासी सावित्री देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 13 फरवरी को दियोरिया कलां क्षेत्र के ग्राम पैनिया हिम्मतनगर निवासी सियाराम पुत्र टीकाराम के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति के अलावा ससुर टीकराम, चचिया ससुर रामपाल, नंदोई दयाराम, नंद लक्ष्मी देवी दहेज में 50 हजार रुपये और बाइक की मांग करने लगे। आरोप है कि पति ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। आरोपियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसको मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया। 22 मार्च को ससुराल पक्ष के लोग दो अज्ञात लोगों के साथ उसके मायके में आए। वहां उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

# अधिक उपज वाले किसान एवं बेहतर भुगतान पर चीनी मिल होंगी पुरस्कृत

### प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह ने गन्ना किसान गोष्ठी में की घोषणा

- गन्ना विकास परिषद के भवन का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रदेश के राज्यमंत्री गन्ना एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली चीनी मिलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वे सहकारी गन्ना विकास समिति में एक दिवसीय गन्ना किसान गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यमंत्री ने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत शहर स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में शुक्रवार को हुई गोष्ठी में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश के गन्ना किसान लगातार तरक्की कर रहे हैं। किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने में सरकार कटिबद्ध है। कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सर्वश्रेष्ठ गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली चीनी मिलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उपगन्ना आयुक्त बरेली राजेश मिश्रा ने कहा कि पूरे मंडल में गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को समय से गन्ना पर्चियां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गन्ना समितियों से नियमित संपर्क बनाए रखें।



गन्ना विकास परिषद के नवनर्मित भवन का लोकार्पण करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा कि गन्ना बुवाई से पूर्व बीज का कवकनाशी से उपचार करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे फसल रोगमुक्त एवं स्वस्थ रहती है। प्रभारी उद्यान अधिकारी आरडी गंगवार ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। सहकारी गन्ना समिति पीलीभीत के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार की वैज्ञानिक गोष्ठियां किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं योजनाओं से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बीसलपुर के प्रगतिशील किसान डॉ.हरमीत सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने भी विचार रखे। इस दौरान राज्यमंत्री ने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का किसान तकनीकी रूप से सशक्त और स्मार्ट हो चुका है, जिसे मोबाइल के माध्यम से एक क्लिक पर सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में सहकारी गन्ना समिति अध्यक्ष दिग्वजय सिंह, उप गन्ना आयुक्त बरेली राजेश मिश्रा, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी, मनोज साहू, राजेश कुमार, संजय श्रीवास्तव, समिति सचिव प्रदीप अग्निहोत्री समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कान्हा गोशाला का लोकार्पण, विकास कार्यों का किया जिक्र

**कांट, अमृत विचार:** नगर पंचायत कांट स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में संचालित कान्हा गोशाला का शुक्रवार को विधायक अरविंद सिंह की मौजूदगी में विधिवत पूजन-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। गोशाला के लिए शासन की ओर से 1 करोड़ 65 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इस दौरान विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि वह राजनीति में बदले की भावना से काम नहीं करते, बल्कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हैं। गोशाला की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। संचालन संतोष दीक्षित ने किया। ब्लॉक प्रमुख प्रेरक शुक्ला ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि एक करोड़ 64 लाख 95000 रुपये के बजट में से एक करोड़ 63 लाख रुपये में गोशाला तैयार की गई है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, नगर पंचायत कांट अध्यक्ष पुत्र रईस मियां, अमरदीप शुक्ला, प्रेम निवास शुक्ला, हरजीत चौहान, सभासद, पार्टी पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीआईजी पर हमले व पिस्टल लूट के दोषियों को सजा आज

- युवती से छेड़छाड़ करने वाले ने साजिश रचकर 2011 में मैनाठेर में कराया था बवाल
- कोर्ट ने 24 मार्च को 16 बवालियों को सिद्ध किया था दोषी, सभी को भेज दिया था जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मैनाठेर थाने क्षेत्र में 15 साल पहले छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने को लेकर हुए बवाल में तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार पर हमला करके अधमरा कर देने और पुलिस असलाह लूटने के मामले में 16 दोष सिद्ध आरोपियों को शनिवार को सजा सुनाई जाएगी। कोर्ट ने 24 मार्च को मामले में 16 आरोपियों को दोष सिद्ध मानते हुए न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया था। कोर्ट में सभी दोष सिद्ध आरोपियों को शनिवार को कड़ी सुरक्षा में पेश किया जाएगा।

थाना मैनाठेर क्षेत्र की युवती ने चार जुलाई 2011 को असालत नगर बघा गांव के मुस्लिम पुत्र तस्लीम के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़खानी अश्लील हरकतें करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने के लिए 6 जुलाई को पुलिस टीम को भेजा गया। मामला छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कराने का था, लेकिन उसे धर्म से जोड़कर नया रंग दे दिया। ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया। हालांकि पुलिस टीम किसी तरह से बचकर निकल आई, लेकिन, सुबह छह बजे हुए घटनाक्रम के बाद बवाल गांव से निकल आस-पास के क्षेत्र तक बढ़ता चला गया।

बेकाबू भीड़ ने मैनाठेर थाने घुसकर तोड़-फोड़ और आगजनी की। नियंत्रण के लिए पहुंचे डीआईजी अशोक कुमार सिंह पर भीड़ ने हमला हुआ। मरणासन्न स्थिति में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 32 लोगों पर नामजद और 300 से अधिक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के 15 वर्ष बाद उस दंगे में शामिल 16 मुख्य आरोपियों को एडीजे-2 के न्यायाधीश कृष्ण कुमार की अदालत में शनिवार को सजा सुनाई जाएगी। मामले के बाद कोर्ट ने 24 मार्च को आरोपियों पर लगे दंगे लूटपाट, आगजनी और पुलिस टीम व डीआईजी पर जानलेवा हमले को दोषी माना। कोर्ट ने 27 मार्च सजा तय करने के लिए सुनवाई नियत की थी, लेकिन शुक्रवार को राम नौवीं की छुट्टी के कारण न्यायालय के बंद रहा। अब 28 मार्च सभी 16 आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।

# भाजपा सिख समाज की बड़ी हितैषी

- गन्ना राज्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम को किया सम्बोधित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि सिख समाज का हित भारतीय जनता पार्टी में ही सुरक्षित है। भाजपा ने जनपद में सिख समाज के लोगों को बहुत सम्मान दिया है। इसका प्रत्येक्ष उदाहरण जिला पंचायत के अध्यक्ष और अमरिया ब्लाक प्रमुख के महत्वपूर्ण पदों पर सिख समाज के लोगों को आसीन किया है।

राज्यमंत्री अमरिया क्षेत्र के बड़ेपुरा स्थित गुरूद्वारा के समीप एक एनर्जी स्टेशन का उद्घाटन करने के बाद जनसंवाद कार्यक्रम के तहत सिख समाज सहित क्षेत्र के अन्य लोगो को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि सिख समाज का तराई के इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है। भाजपा ने सिख समाज को महत्वपूर्ण पदों पर आसीन कर उनका मान बढ़ाया है। उन्होनें सिख समाज से भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर क्षेत्र के विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए है।



जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

जिला मुख्यालय पर मेडिकल कालेज की स्थापना और अमरिया क्षेत्र में खमीर प्लांट की स्थापना का विशेष तौर उल्लेख किया। भरापचपेड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कई अन्य बड़े उद्योग लगाये जाने की बात भी कही। इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, पूर्व प्रधान जसविन्दर सिंह, प्रधान केवल सिंह, सुरजीत सिंह बिल्लू, खजान सिंह, जसपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह, हरविन्दर सिंह, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय में बच्चों का तिलक कर दिये उपहार

- संविलियन विद्यालय में मनाया गया नवारम्भ उत्सव
- बच्चों की उंगली पकड़कर कराया अक्षरारंभ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** संविलियन विद्यालय भुसौरिया में नवारंभ उत्सव, बाल वाटिका के तहत नवप्रवेशी बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया और बच्चों का तिलक लगाकर, फूलों व गुब्बारों के साथ स्वागत किया गया, जिससे उनका पहला दिन यादगार बन सके। बच्चों को टाफी, पुस्तक, पेन, पेंसिल उपहार स्वरूप भेंट किए गए।

ब्लॉक कुंभी के परिषदीय संविलियन विद्यालय भुसौरिया में नवारम्भ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गोला देहात राजेश गिरि एडवोकेट ने अपने कार्यकाल में विद्यालय में कराए गए कार्यों के बारे में बताते हुए कहा उन्हें शिक्षा के मंदिरों से बहुत लगाव है। विशिष्ट अतिथि एआरपी विनोद कुमार गौतम ने बताया कि बालवाटिका में 3 से 6 आयु के बच्चों को चिन्हित करके 3 से 4 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन बालवाटिका आंगनबाड़ी में करने को बताया। कहा कि अब निजी स्कूल की भांति सरकारी स्कूलों में भी प्री प्राइमरी शिक्षण कार्य हेतु 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को पढ़ाने के लिए ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति की गई है। छोटे बच्चों द्वारा गीत, कविता, कहानी आदि प्रस्तुत किये गए।

अतिथियों ने शिक्षकों, अभिभावकों के साथ क्रियाशील बालवाटिका का भ्रमण किया। अध्यापक द्वारा रेत पर बच्चों की उंगली पकड़कर अक्षरारम्भ कराया गया। बच्चों ने भी उत्सव का खूब आनंद लिया। प्रधानाध्यापिका पूनमरानी शुक्ला ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। हिमानी दीक्षित, कविता सेन, श्रद्धा दीक्षित, रेशू वर्मा, इरम समेत विद्यालय की शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका और ग्रामवासी मौजूद रहे।



भुसौरिया संविलियन विद्यालय में बच्चों को उपहार देतीं प्रधानाध्यापक पूनम रानी शुक्ला।

# वन दारोगा और वन रक्षक के हमले का आरोपी गिरफ्तार

- वन विभाग के अधिकारियों पर किया था हमला, दूसरे आरोपी की तलाश

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** पीपली वन में प्रतिबंधित खैर के पेड़ों का कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात वन दारोगा और वन रक्षक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के बाद आरोपी को गिफ्तार कर लिया गया है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुए तस्कर को दबोचा है। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया है।

गुरुवार को वन दारोगा अतुल कुमार और वन आरक्षी शिवम कुमार पीपली वन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ तस्कर प्रतिबंधित खैर के पेड़ों का कटान कर रहे हैं। जब टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने धारदार हथियारों से हमला कर वन दारोगा और वन रक्षक को घायल कर दिया। घटना के बाद वन विभाग और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बिलासपुर के गांव चंदेला निवासी हरेन्द्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया था। मौके से प्रतिबंधित खैर की लकड़ी और एक उपकरण भी बरामद किया गया है। वन आरक्षी शिवम कुमार की तहरीर पर मिलकखानम थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज की थी।

शुक्रवार को मिलकखानम थाना प्रभारी निशा खटाना ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। जहां से आरोपी को कोर्ट ने जेल भेजा है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दी जा रही है।

# उपचार का खर्च देने से आरोपी मुकरा, दे रहा धमकी

- 6 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर भंडारे से लौटते समय बाइक ने मारी थी टक्कर

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** बाइक की टक्कर से घायल हुई 6 साल की बच्ची अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। उसके सिर में भी गहरी चोट आई थी। हादसे के समय बाइक चालक ने इलाज कराने का वादा किया था, लेकिन अब वह मुकर गया। खर्च मांगने पर धमकाने लगा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना 21 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे मुर्गहा चौराहे पर हुई थी। मुर्गहा गांव निवासी रामजी ने बताया कि उनकी पोती गीता देवी (6) भंडारे से घर लौट रही थी। इसी दौरान रमपुरवा गांव निवासी नागेश पुत्र राम खेलावन तेज रफ्तार से प्लेटिना बाइक चलाते हुए आया और बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।



अस्पताल में भर्ती घायल गीता देवी। • अमृत विचार

मौके पर लोगों की मदद से बच्ची को इलाज के लिए पलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में बच्ची का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उसके सिर में भी गहरी चोट आई है। परिजनों के अनुसार हादसे के बाद आरोपी नागेश ने इलाज कराने की बात कही थी, लेकिन अगले दिन 22 मार्च को जब रामजी इलाज के खर्च को लेकर उसके पास पहुंचे तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया।

आरोप है कि उसने जान से मारने की धमकी भी दी और इलाज का खर्च उठाने से साफ इनकार कर दिया। रामजी ने बताया कि घटना के समय आरोपी का मोबाइल फोन मौके पर गिर गया था, जिसे उन्होंने मझगई थाने में जमा करा दिया है। पीड़ित परिवार ने आरोपी को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 30 को चीनी मिल बंद करने का दूसरा नोटिस जारी

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** किसान सहकारी चीनी मिल ने अभी तक 24 लाख 38 हजार 200 क्विंटल गन्ने की पेराई 32 लाख क्विंटल गन्ना पिराई लक्ष्य के विपरीत की है। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक द्वारा 30 मार्च को मिल बंद करने का दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया है।

किसान सहकारी चीनी मिल का 2025-26 का सत्र 30 नवंबर 2025 को चालू हुआ था। इसके बाद से चीनी मिल 32 लाख क्विंटल गन्ना पेरने के लक्ष्य के विपरीत 26 मार्च तक 24 लाख 38 हजार 200 क्विंटल गन्ने की पिराई की है। चीनी मिल ने इतना गन्ना पेरने के बाद 24 लाख 29 हजार 10 क्विंटल चीनी तैयार की है। मिल के प्रधान प्रबंधक राजकुमार जैन ने बताया कि इस समय गन्ने की रिकवरी चल रही है। जिन किसानों ने चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति किया है उनका सात फरवरी तक का भुगतान 60 .55 करोड़ रुपये भुगतान बैंक खातों में भेज दिया है। शेष गन्ना मूल्य भुगतान के लिए प्रयास जारी है। प्रधान प्रबंधक ने बताया कि मिल में गन्ना आपूर्ति के लिए आखरी इंडेंट भी जारी कर दिया है। उन्होंने क्षेत्र के चीनी मिल से जुड़े गन्ना कृषकों से अपील की है कि वह शीघ्र ही अपना शेष बचा गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर दें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ब्रह्मपुर कुंदन, वि.ख. फरीदपुर(बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ब्रह्मपुर कुंदन में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है-ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु. लागत लाख में |
|---|---|---|
| 1. | रामगोपाल के घर से सुखपाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य | 3.99/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 28.03.2026 से 30.03.2026 की दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसकी दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्रामपंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्रा.वि.आ.

**कार्यालय तहसीलदार, बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक: 235/र.का./2026 दिनांक: 27.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्राम मूसेपुर जैसिंग, तहसील बीसलपुर स्थित गाटा संख्या- 77/0.632 हे. श्रेणी 5-3 बंजर दर्ज कागजात है। उक्त भूमि पर स्थित 06 शीशम, 02 आम, 02 जामुन, 01 इमली, 01 शेमर कुल 10 वृक्षों की नीलामी दिनांक 27.03.2026 को नियत की गयी थी, परन्तु दिनांक 27.03.2026 को रामनवमी का अवकाश होने के कारण उक्त वृक्षों की नीलामी नहीं हो सकी। उक्त वृक्षों की नीलामी हेतु दिनांक 04.04.2026 नियत की जाती है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 04.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक तहसील बीसलपुर के सभागार में उपस्थित होकर 10000/- रू. जमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी अधिकारी/तहसीलदार
तहसील-बीसलपुर

# चंदौसी में बेटे के सामने मां की पीट-पीटकर हत्या

- पत्नी जिंदा है या मर गई पानी डाल-डाल कर देखता रहा आरोपी
- अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे परिजन पुलिस के पहुंचते ही फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार :** जनपद संभल में चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपने इकलौते बेटे के सामने ही पत्नी की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पूरी रात महिला के शव पर पानी डालकर जिंदा या मृत होने की जांच करता रहा और सुबह होते ही अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मामा ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि आरोपी पति समेत अन्य परिजन मौके से फरार बताए जा रहे हैं।

अमरोहा जनपद के गजरौला थाना क्षेत्र के ज्योतिनगर निवासी रामचंद्र कश्यप ने अपनी बेटी गौरी कश्यप (32) की शादी करीब 9 वर्ष पहले रामनगर निवासी पान सिंह के साथ की थी। गौरी के मामा प्रमोद कुमार को शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे भांजी की मौत की सूचना मिली। वह गांव रामनगर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि गौरी का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। संदिग्ध हालात को देखते हुए उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि महिला के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लाईओवरों की मरम्मत कर फिर चमकाया स्वरूप

**तिलहर, अमृत विचार:** एनएचआईटी के द्वारा फ्लाईओवरों की मरम्मत कर उन्हें फिर से एक बार चमकाने का काम कर दिया है। बीते दिनों नगर के बाईपास चौराहे पर फ्लाईओवर के नीचे एक दीवार में दरार दिखाई देने पर अमृत विचार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार संस्था हरकत में आई और मरम्मत के काम में जुट गई। एनएचआईटी के ब्रिज मैनेजर रंजन सिंह ने तत्परता दिखाई और मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द से जल्द इस तरह की समस्याओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। तहसील क्षेत्र के हुलास नगला, मीरानपुर कटरा, नगर चौराहे, तिलहर बाईपास चौराहे, बंथरा, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के निकट सहित सभी फ्लाईओवरों का विशेषज्ञों द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उनकी मरम्मत का कार्य पूरा कर रंगाई-पुताई भी कर दी गई है।

# अध्यक्ष पद पर विमल ने हासिल की जीत

- सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव में उपेंद्र निर्विरोध मंत्री बने
- 118 में से 115 अधिवक्ताओं ने किया मतदान, 3 वोट निरस्त

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए, जिसमें अध्यक्ष पद पर हुए मुकाबले में विमल गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंदी छोटेलाल वर्मा को 15 वोटों से पराजित कर जीत दर्ज की। चुनाव को लेकर दिनभर अधिवक्ताओं में उत्साह और हल्की गहमागहमी का माहौल बना रहा।

चुनाव प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 3 बजे तक चली। कुल 118 मतदाताओं में से 115 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शेष तीन मतदाताओं के वोट मुख्य चुनाव अधिकारी ने निरस्त कर दिए गए। अन्य पदों पर भी चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद नईम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राकेश वैश्य निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर उपेंद्र कश्यप निर्विरोध चुने गए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर लालता मिश्रा, संयुक्त मंत्री पद पर गौरव जायसवाल, शमशाद और सत्येंद्र पांडेय विजयी रहे। गवर्निंग काउंसिल के लिए प्रेम, कन्हैया, मायाराम और हेमंत शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए।



जीत के बाद प्रमाण पत्र के साथ नवनिर्वाचित अधिवक्ता। • अमृत विचार

चुनाव की पूरी प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी उत्तम गुप्ता, सहायक चुनाव अधिकारी अमित व अशोक वर्मा व कार्यालय प्रभारी दीपक गिरि की देखरेख में सम्पन्न हुई। जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल गुप्ता ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समाज की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी अधिवक्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी के सम्मान व अधिकारों की रक्षा की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, मंत्री उमाकांत जायसवाल, तहसील बार अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा व मंत्री लतीफ सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और विजेताओं का स्वागत किया गया।

न्यूज ब्रीफ

## पीएम मोदी आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण

**अमृत विचार,लखनऊ/जेवर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन और मेंटिनेंस, रिपेयर एवं ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा और यूपी, एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी व आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। फेज-1 की लागत लगभग 11,282 करोड़ रुपये है, जिसमें 1.2 करोड़ यात्रियों की प्रारंभिक क्षमता शामिल है। एयरपोर्ट मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जो सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय ट्रांजिट से जुड़ा होगा। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्री, वित्त राज्य मंत्री, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्री उपस्थित रहेंगे।

## एससी छात्रों के लिए बनेंगे छह हॉस्टल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में छह आधुनिक छात्रावासों के निर्माण और मरम्मत की शुरुआत की जा रही है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) के तहत इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12.30 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 6.15 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। योजना के तहत चार जिलों में हॉस्टल बनाए जाएंगे, इनमें जौनपुर, सुल्तानपुर और हाथरस में एक-एक छात्रावास, फिरोजाबाद में तीन छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इन हॉस्टलों को आधुनिक कैंपस के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सुसज्जित कमरे , आधुनिक मेस, मनोरंजन कक्ष, समृद्ध पुस्तकालय, सुरक्षा के लिए गार्ड रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार का लक्ष्य इन्हें सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि एक "लर्निंग हब" के रूप में विकसित करना है। निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए धनराशि एसएनए (स्पर्श) खाते के माध्यम से खर्च की जा रही है।

## किसानों को समय पर मिले मुआवजा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ,अमृत विचार :** असमय बारिश से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्वयं फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करें और फसलों के नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं। साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को मिलकर तत्काल संयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। इस सर्वे के आधार पर नुकसान का सही आंकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि जैसे ही फसल क्षति का आकलन पूरा हो, मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि भुगतान व्यवस्था पूरी तरह समयबद्ध हो, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके। सीएम ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क बनाए रखें।

# सीएम योगी ने दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पखारे पांव

### नवरात्र की नवमी तिथि पर किया कन्या पूजन, दक्षिणा व उपहार देकर कन्याओं से लिया आशीर्वाद





गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर में चैत्र नवरात्र पर मुख्यमंत्री योगी ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पांव पखारकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराने के साथ दक्षिणा व उपहार भी प्रदान किया। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक कन्या पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा और उनके सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधिवत पूजन किया और उन्हें चुनरी ओढ़ाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कन्याओं का विधिपूर्वक अभिषेक किया, रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया, माला पहनाई और अपने हाथों से ताजा भोजन प्रसाद परोसा। उन्होंने कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर आशीर्वाद भी लिया। बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा प्रदान की गई। आयोजन में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी समेत कई संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। पूजन से पहले प्रातःकाल के सत्र में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना भी की गई।

# रामराज्य की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू : मुख्यमंत्री
- योगी ने वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ 'रामराज्य' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि दुर्जनों और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है।

गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि 2.61 करोड़ गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को आवास, 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है।

**मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक नवरात्र :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नवरात्रि मातृशक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिला आरक्षण, 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और कन्या सुमंगला जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

**संवेदनशील शासन, सबका साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिलाना और प्रदेश को सुरक्षित व विकसित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

# बच्ची ने योगी को गिफ्ट में दिया 'बुलडोजर'

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में मंदिर दर्शन को कानपुर से आए परिवार की बच्ची को पूजन में भी किया शामिल
- चार वर्ष की यशस्विनी का सरप्राइज गिफ्ट देख हंस पड़े मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखनाथ मंदिर में एक नन्ही बच्ची ने ऐसा अनोखा गिफ्ट दिया कि वे खुद भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। कानपुर से आई चार वर्षीय यशस्विनी सिंह ने मुख्यमंत्री को एक छोटा सा 'बुलडोजर' (खिलौना) भेंट किया।

शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर यशस्विनी पर पड़ी, जो अपने माता-पिता के साथ दर्शन करने आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे पास बुलाकर चॉकलेट दी और प्यार से बातचीत की।बातचीत के दौरान यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा, "आपके लिए गिफ्ट लाए हैं, पहले आंखें बंद करिए।" सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए उसकी बात मान ली। इसके बाद बच्ची ने उनके हाथों में एक छोटा सा बुलडोजर रख दिया। गिफ्ट देखते ही मुख्यमंत्री और वहां मौजूद लोग हंस पड़े। बच्ची यशस्विनी ने मासूमियत से कहा कि आपको बुलडोजर पसंद है, इसलिए वह यह गिफ्ट लाई है। बच्ची की इस बात ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कन्या पूजन में भी शामिल कर मुख्यमंत्री ने उसके पांव भी पखारे।



गोरखपुर : सीएम योगी को बुलडोजर खिलौना भेंट करती कानपुर की यशस्विनी।

## जनता के नेता और सनातन के ध्वजवाहक की छवि के साथ निखरे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** चैत्र नवरात्र के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुखिया के रूप में जनता के बीच अपनी अलग छवि प्रस्तुत की। मार्च माह में उन्होंने राम, कृष्ण और शिव की धरा पर आशीर्वाद प्राप्त कर 'नर सेवा-नारायण सेवा' के अपने मूल उद्देश्य को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में पहुंचकर न केवल विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया बल्कि युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मार्च में मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ, कालभैरव, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, श्रीरामलला और अन्य प्रमुख मंदिरों का दर्शन कर प्रदेशवासियों की आस्था में शक्ति प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने नौनिहालों को स्मार्टफोन और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और सनातन धर्म की स्थायित्व और मर्यादा की बात दोहराई।

# तनाव न लें, प्रदेश में एलपीजी पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

### ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी बोले- जनता अफवाहों से बचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश भर में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी संकट की फैली अफवाह के बीच शुक्रवार को विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 पर प्रेसवार्ता की गई। ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर/इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय भंडारी ने एजीएम एलपीजी भाद्रो लकड़ा और एजीएम रिटेल सेल्स अभिषेक शर्मा के साथ स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कमी नहीं है। जनता से अपील है 'पैनिक बाइंग' (हड़बड़ाहट में खरीदारी) न करें और न ही कतार में लगे। जब चाहेंगे तब ईंधन मिलेगा।

स्टेट कोऑर्डिनेटर ने तीनों तेल कंपनियों की रिपोर्ट साझा की। बताया कि प्रदेश में 13 हजार पेट्रोल पंप में चार से पांच दिन का पेट्रोल-डीजल का स्टॉक है। डिपो पर 15 से 18 दिन का स्टॉक है। क्रूड ऑयल का भी 60 दिन का स्टॉक है। इतना स्टॉक सामान्य दिनों में भी रहता है। आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। युद्ध से पहले भी इतनी उपलब्धता रहती थी। अफवाह से उत्पन्न हुई पैनिक बाइंग की वजह से बुधवार को गोरखपुर, महाराजगंज और सिद्धार्थ नगर में पेट्रोल-डीजल की समस्या आई थी। इसी तरह दूसरे दिन गुरुवार को लखनऊ, सीतापुर, बहराइच में भी इसी तरह के हालात बने। इससे पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गईं।

शुक्रवार को लखनऊ में रिटेल व आउटलेट का विजिट किया तो दोपहर 1 बजे स्थिति काफी सामान्य दिखी। पत्रकार वार्ता में सवाल यह भी उठा कि पेट्रोल पंप संचालकों को नगद भुगतान न करने पर आपूर्ति नहीं की जा रही। इस पर तेल कंपनियों से बात करने को कहा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की लिमिट निर्धारित कर बिक्री के सवाल पर ऐसा कोई आदेश जारी न होना बताया। संजय ने कहा कि प्रदेश में दो दिन में 60 फीसद तक बिक्री हुई है। लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, गोंडा, बस्ती, बहराइच, गोरखपुर और अयोध्या में पेट्रोल-डीजल की मांग ज्यादा रही। स्टॉक पर्याप्त होने की वजह से शुक्रवार को गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या में स्थिति सामान्य हो गई। इसी तरह शाम तक लखनऊ, सीतापुर और बहराइच में स्थिति सामान्य हो जाएगी।




लखनऊ : विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 में पत्रकारों को जानकारी देते ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी व अन्य।

### प्रतिदिन 11 लाख के आसपास एलपीजी बुकिंग

ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी ने बताया कि राज्य भर में तीनों कंपनी के कुल 4.85 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। सभी कंपनियां प्रतिदिन सात लाख एलपीजी रीफिल सप्लाई कर रही हैं। प्रतिदिन 11 लाख के आसपास बुकिंग हो रही है। 3.7 दिन का बैकलॉक है। कामर्शियल, इंडस्ट्रियल और नॉन डोमेस्टिक सेंटर में भी समस्या नहीं है। सरकार के निर्देश पर पीएनजी को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिक लोड की वजह से बुकिंग में सर्वर की समस्या आई भी। इसमें सुधार किया है। घरेलू एलपीजी की स्थिति सामान्य हो रही है। स्टॉक की बात करें तो 13 हजार डिस्ट्रीब्यूटर के पास डेढ़ दिन का स्टॉक है। बॉटलिंग प्लांट में भी चार दिन का स्टाक है। प्रदेश में कुल मिलाकर पांच दिन से अधिक का एलपीजी स्टॉक है, जो सामान्य स्थिति में इतना रहता है। गुरुवार को प्रदेश में 11.90 लाख बुकिंग हुई है। इनमें 7.83 लाख डिलीवरी की गई। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

### इस तरह आया एक दिन की बिक्री में उछाल

*डीजल : 26 मार्च 2025 - 280 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 510 लाख लीटर

*पेट्रोल : 26 मार्च 2025 - 150 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 290 लाख लीटर

# कौशांबी में पिकअप की ट्रेलर से टक्कर आठ की मौत, मृतकों में पांच महिलाएं

कौशांबी, एजेंसी

जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे मां शीतला के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब दो दर्जन श्रद्धालु सवार थे। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ज्योति नारायण ने भी दुर्घटना स्थल का दौरा किया और बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

### योगी ने जताया शोक, आर्थिक सहायता की घोषणा

**लखनऊ,अमृत विचार :** कौशाम्बी में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को घायलों का तुरंत और समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बागपत में बड़ौत के पास पुरा महादेव बना 'जीरो वेस्ट' तीर्थ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यह मॉडल पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है

**अमृत विचार:** प्रदेश का पुरा महादेव मंदिर अब 'जीरो वेस्ट' तीर्थ पर्यटन के मॉडल के रूप में देशभर में पहचान बना रहा है। 'बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024' का सम्मान प्राप्त करने के बाद इस धार्मिक स्थल ने आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। प्रदेश सरकार की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के तहत महाशिवरात्रि पर यहां सफलतापूर्वक जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की गई, जिसमें मंदिर में चढ़ाई जाने वाली सामग्री और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह मॉडल पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है। इस पहल में पूजा सामग्री को कचरा नहीं, बल्कि संसाधन मानकर उसका पुनः उपयोग किया गया। इसमें 450 किलो से अधिक फूलों को प्रोसेस कर उपयोगी सामग्री बनाई गई। करीब 1 टन जैविक कचरे से खाद तैयार की गई, 700 किलो प्लास्टिक बोतलों को फाइबर फिल में बदला गया,2,500 से अधिक चप्पलों से मैट व अन्य उत्पाद बनाए गए, 4,563 लीटर दूध को पशु सेवा में उपयोग किया गया। बागपत जिला प्रशासन अब इस मॉडल को अन्य धार्मिक स्थलों पर लागू करने की तैयारी में है।

# एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक सेंटर के लिए पदों को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया निर्णय, पदों पर भर्ती के लिए जल्द जारी होगा विज्ञापन
- 573 बेड वाले केंद्र में एक छत के नीचे मिलेंगी बच्चों के इलाज की सभी सुविधाएं

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के संचालन के लिए शासन ने बड़े पैमाने पर डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के पदों को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को आयोजित संस्थान की 104वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव एसपी गोयल ने की। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमान, डीन डॉ. शालीन कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेई के अनुसार, सेंटर के संचालन के लिए 131 डॉक्टर, 483 रेजिडेंट, 1540 नर्स, टेक्नीशियन समेत अन्य स्टाफ के पदों को स्वीकृति दी गई है, जबकि 160 पद आउटसोर्सिंग के तहत भरे जाएंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी कर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

573 बेड की क्षमता वाले इस अत्याधुनिक पीडियाट्रिक सेंटर का पहला चरण अक्टूबर 2026 में शुरू होगा। पहले चरण में करीब 15 विभागों के 293 बेड पर बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया जाएगा। इनमें जनरल पीडियाट्रिक्स, पल्मोनरी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, मेडिकल जेनेटिक्स, डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक्स, सोशल पीडियाट्रिक्स यूनिट, डे-केयर, इमरजेंसी, नियोनेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, सर्जरी, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और रेडियोलॉजी जैसी प्रमुख इकाइयां शामिल होंगी। यह सेंटर पूरी तरह विकसित होने पर 24 विभागों के साथ एक ही छत के नीचे बच्चों के इलाज की समग्र सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसे उत्तर भारत का सबसे बड़ा पीडियाट्रिक केंद्र बताया जा रहा है। इसके शुरू होने से उत्तर प्रदेश समेत आसपास के राज्यों के 10 करोड़ से अधिक बच्चों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## सपा ने केशव मौर्य के सिलेंडर वाले बयान पर साधा भाजपा पर निशाना



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिलेंडर वितरण संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री का दावा कि "जिसके पास सिलेंडर नहीं है, वह सूचना भेजे, हम भिजवा देंगे" इस बात का सबूत है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपा ही कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि केशव प्रसाद मौर्य अपना नंबर या गोदाम का पता सार्वजनिक करें। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा और उनके साथी जनता के सामने नहीं आते, न गैस एजेंसी या पेट्रोल पंप पर अपनी उपस्थिति देते हैं।

उपलब्धि — 96 लाख इकाइयों से बनाया रोजगार का नया रिकॉर्ड

# एमएसएमई क्षेत्र में यूपी रहा देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीते 9 वर्ष में छोटे उद्योग बने विकास की ताकत, गांव-गांव तक पहुंचा स्वरोजगार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों के साथ अब यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बन चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों ने लाखों लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर दिया है। आसान ऋण, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्धता जैसी सुविधाओं ने छोटे उद्योगों को नई पहचान दी है। प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.47 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला, जिससे 4.51 लाख रोजगार सृजित हुए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के जरिए 37 हजार से अधिक लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 32 हजार से अधिक लाभार्थियों को सहयोग देकर 2.63 लाख रोजगार के अवसर पैदा किए गए।

### ओडीओपी से वैश्विक पहचान

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया है। इस योजना के तहत 20 हजार से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे 3.26 लाख रोजगार सृजित हुए। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के जरिए 4.20 लाख से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण देकर सशक्त बनाया गया है।

### 'एक जनपद एक व्यंजन' से बढ़ेगा दायरा

सरकार अब 'एक जनपद एक व्यंजन' पहल के जरिए स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों को पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। इससे रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### नई योजनाओं से मजबूत होगा औद्योगिक ढांचा

प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 2023 में प्लेज स्कीम लागू की गई है, साथ ही नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इनसे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।
–होमी जहांगीर भाभा, भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

# अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

## प्रसंगवश

# सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## आमने सामने




क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।
–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।
–भजन लाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

## सोशल फोरम

# नेहरू की बहन कृष्णा



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट



धनीश शर्मा
लेखक

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।


आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।




मृदुल कपिल
साहित्यकार

# कुटनी आइलैंड

## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



---

जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।



---

# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।



सुनील कुमार महला
लेखक

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं। यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

---

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी..बच्ची है..इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गईं। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो...आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2625, राजश्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 किग्रा 2145, क्लासिक (किग्रा) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवाइन 14000–19000, मेथी 7000–8000, सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000,

**प्रति किग्रा :** लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किशमिश पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3600, मसूरी 1200, बासमती 7200–7800 परमल 1200–3400

**दाल दलहन :** काला चना 2000–3200, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 7600–12200, दाल उड़द 5400, साबुत मसूर दाल 2200 मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 5600–10000, अरहर दाल 10200 –12400, लोबिया/करमानी 1800–3000

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

## वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

- कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।



राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल–डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष



## चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## अब आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे व्हाट्सएप के दो खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

- कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता
- सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

- जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल को देश भर में मनाएंगे काला दिवस, विरोध प्रदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी**



- ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप

बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव

महासंग्राम



# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

## भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।



- चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान–प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

चुनाव के रंग



तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।



हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## ज्ञानेश को हटाने के नोटिस पर चुप्पी क्यों

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सवाल किया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए दिए विपक्ष के नोटिस पर कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह निष्क्रियता सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गुप्त समझौते को दर्शाती है।

नोटिस में लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सांसदों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर कार्यपालिका के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करने का भी आरोप लगाया है। यह नोटिस 12 मार्च को दोनों सदनों में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन सचिवालयों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। एक वरिष्ठ टीएमसी नेता ने कहा, नोटिस पर कोई कार्रवाई न होने से संसदीय लोकतंत्र का मजाक उड़ रहा है। आप नोटिस को लेकर अनिश्चितकाल तक बैठे नहीं रह सकते, न इसे नजरअंदाज कर सकते हैं।


### टीएमसी ने पूछा सवाल

## असम : कुल 722 उम्मीदवारों में सिर्फ 8% महिलाएं

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरे कुल 722 उम्मीदवारों में से केवल आठ प्रतिशत महिलाएं हैं और तीसरे लिंग का समुदाय का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 250 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवार हैं, जबकि कांग्रेस और भाजपा ने 90 या उससे अधिक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। सीईसी कार्यालय से जारी विवरण के अनुसार, 126 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मैदान में उतरे 722 उम्मीदवारों में से 663 पुरुष और 59 महिलाएं हैं, जबकि अन्य श्रेणी में कोई उम्मीदवार नहीं है।

## तमिलनाडु: अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्जगेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

## कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

## भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

- गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।
- शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।
- रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।
- सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

- व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। • सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।
- अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। • न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

- तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

- संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।
- अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।
- पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

- हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। • तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। • तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

## रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

### मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

- राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिसिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।

### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

## एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

नई दिल्ली, एजेंसी

- लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके।

## ईरान के साथ टकराव के बाद खाड़ी के देश बनाएंगे न्यूक्लियर शील्ड

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के साथ टकराव के बाद फारस की खाड़ी के कई देश अपनी खुद की न्यूक्लियर शील्ड (परमाणु सुरक्षा कवच) तैयार करेंगे। मेदवेदेव ने कहा कि हालांकि लोग पहले से ही इस बारे में चर्चा कर रहे हैं -मुझे लगभग पूरा यकीन है कि खाड़ी देश, या कम से कम उनमें से कुछ देश, अब अपनी खुद की न्यूक्लियर शील्ड तैयार करेंगे।

## मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन, एजेंसी

- तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

## दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

## पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

- विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

पेरिस, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**वृष** आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए।

**मिथुन** आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें।

**कर्क** आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह** आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें।

**कन्या** आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी।

**तुला** आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं।

**वृश्चिक** आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे।

**धनु** आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें।


**मकर** आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**कुंभ** आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे।

**मीन** आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

### सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

गंभीर समस्या

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

## देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।



मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी

रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

## अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।







अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार ,28 मार्च 2026

IPL 2026

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

### इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

- 27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया
- आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमश: आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवत: आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, '' हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

अचूक निशाना | एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।

इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।



### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।